कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 354, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 22 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# रामलला आज अपने नव्य-भव्य-दिव्य महल में विराजेंगे

## सोमवार को पीएम मोदी और सीएम योगी समेत संतों और विशिष्ट लोगों की मौजूदगी में होगा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

**अयोध्या**

प्रभु की कृपा भयो सब काजु...अर्थात जब प्रभु की कृपा होती है तो सारे काम हो जाते हैं। हिन्दू समाज के 500 वर्षों के तप के बाद आखिरकार सोमवार को प्रभु श्रीरामलला अपने नव्य-भव्य और दिव्य महल में विराजने जा रहे हैं। 22 जनवरी को पीएम मोदी और सीएम योगी समेत संत समाज और अति विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में रामलला के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अनुष्ठान संपन्न होने जा रहा है। अयोध्या नगरी को हजारों क्विंटल फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। अवधपुरी में उत्सव सा माहौल है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या धाम समेत पूरे देश के मंदिरों में राम संकीर्तन और राम चरित मानस का पाठ हो रहा है। फूलों से सजी अयोध्या जी में जन्मभूमि पथ से लेकर राम पथ, भक्ति पथ और धर्म पथ की अलौकिक आभा देखते ही बन रही है। सांस्कृतिक नृत्य और वादन के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर प्रदेश के साथ-साथ देश भर की परंपराओं और कला का समागम हो रहा है। हर तरफ भगवान राम के भजन सुनने को मिल रहे हैं। सोमवार शाम को भव्य दीपोत्सव की तैयारी है। ऐसा लग रहा है मानों रघुनंदन के अभिनंदन के लिए पूरा स्वर्ग ही धरती पर उतर आया है। जनवरी में ही दीपावली का अहसान हो रहा है। शबरी के, केवट के, दमितों और वंचितों के, सबके श्रीराम आ रहे हैं और वो पीढ़ी धन्य हो रही है, जिसे इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने का सौभाग्य मिल रहा है।

**अवध में उत्सव है भारी, दीपोत्सव की भी तैयारी**

प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर परिसर समेत पूरे अयोध्या धाम को फूलों से सजाया गया है। जन्मभूमि स्थान में अलग-अलग तरह के





### विविध प्रतिष्ठान होंगे सम्मिलित

**प्राण** प्रतिष्ठा के अवसर पर 8 हजार से ज्यादा लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें साधु संतों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों को बुलाया गया है। देर रात तक इनमें से कई लोग अयोध्या धाम पहुंच चुके हैं, जबकि बाकी लोग भी 22 को सुबह तड़के पहुंचने वाले हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, पूजा पद्धति, परंपरा के सभी विद्यालयों के आचार्य, 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा सहित 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तातवासी, द्वीपवासी आदिवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी।

## थल, नभ और जल से अभेद्य हुई रामनगरी



**श्रीराम** लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर अयोध्या में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। धाम की सुरक्षा को लेकर इसे दो जोन रेड और यलो में बांटा गया है। एसपीजी, एनएसजी ब्लैक कैट कमांडो, सीआरपीएफ कोबरा, सीआईएसएफ, आरएएफ, एनडीआरएफ को तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर यूपी पुलिस के सुरक्षाकर्मी मुस्तैद हैं। घरों की छतों से लेकर अहम लोकेशंस पर स्नाइपर्स की भी तैनाती है। साथ ही इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ भी गतिविधियों पर नजर रख रही है। धाम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 100 से अधिक डीएसपी, लगभग 325 इंस्पेक्टर व 800 उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया है, जबकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 11,000 जवानों को अतिरिक्त तैनात किया गया है। वहीं वीआईपी सुरक्षा के लिए तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 इंस्पेक्टर के साथ एक हजार से ज्यादा कॉन्स्टेबल और 4 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं को दर्शनीय स्थलों की जानकारी देने के लिए 250 पुलिस गाइड भी उपलब्ध है। योगी सरकार ने धाम की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए आईटीएमएस, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं पब्लिक सीसीटीवी का भी सहारा ले रही है। एआई तकनीक पर आधारित एंटी ड्रोन सिस्टम पूरी तरह से सक्रिय मोड पर है।

**51 स्थानों पर 23 हजार वाहनों की पार्किंग व्यवस्था**

योगी सरकार ने आने वाले मेहमानों के वाहनों की पार्किंग के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## आपात स्थिति में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा




**प्राण प्रतिष्ठा** आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस ली है। सीएमओ डॉ.संजय जैन ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजन क्षेत्र के सोलह स्थानों पर श्रीराममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ मिलकर फर्स्ट एड यूनिट बनाई गई है। इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट व एक वॉर्ड बॉय की मौजूदगी रहेगी। इनके अलावा दो अस्पताल भी बनाए गए हैं, जिसकी क्षमता 10 व 20 बेड की होगी। इसके अलावा 40 एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज, श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या, जिला अस्पताल अयोध्या, महिला जिला अस्पताल व कुमारगंज के चिकित्सालय मे 190 बेड आपातकालीन स्थिति के लिए आरक्षित रखे गए हैं।

**वीआईपी मूवमेंट के लिए किए गए इंतजाम**

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए अयोध्या-लखनऊ, अयोध्या-गोरखपुर, अयोध्या-प्रयागराज और अयोध्या-वाराणसी हाईवे को ग्रीन कॉरिडोर में बदला गया है। स्वयं के हेलिकॉप्टर व प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से आने वाले वीवीआईपी के लिए महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम के साथ-साथ 5 राज्यों के 12 शहरों के एयरपोर्ट्स में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए क्रिकेट जगत, फिल्म जगत, संत समाज, राजनीति, कला, साहित्य और संस्कृति समेत अन्य क्षेत्रों के अतिविशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

## डीजीसीए ने कहा- अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त छोटा विमान भारत का नहीं

**काबुल/नई दिल्ली**

तालिबान शासित अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त विमान भारत का नहीं है। यह मोरक्को में रजिस्टर्ड है। यह विमान थाइलैंड से मॉस्को जा रहा था। कुछ रिपोर्ट्स में पहले इस विमान को भारतीय बताया गया था। इसके बाद भारत के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि यह डीएफ-10 मॉडल का छोटा विमान है। मॉस्को जाते समय इस विमान में भारत के गया एयरपोर्ट पर ईंधन भरा गया, लेकिन यह भारतीय विमान नहीं है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक यह विमान तकनीकी खराबी की वजह से रास्ता भटक गया और अफगानिस्तान के बदख्शां खां प्रॉविंस के जेबाग जिले के पहाड़ी इलाके में क्रैश हो गया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इसके भारतीय विमान होने की जानकारी दी गई। इस बारे में तालिबान के ट्रांसपोर्ट और एविएशन मिनिस्टर इमामुद्दीन अहमदी ने कहा कि यह हुआ विमान रूस का स्पेशल जेट था। थाइलैंड से मॉस्को जाते समय विमान रास्ता भटकने की वजह से अफगानिस्तान पहुंच गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पुष्टि की है कि यह भारतीय विमान नहीं है। अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त न तो भारतीय अनुसूचित विमान है और न ही गैर-अनुसूचित (एनएसओपी)/चार्टर विमान है। यह मोरक्को में पंजीकृत डीएफ-10 (डसॉल्ट फाल्कन) छोटा विमान है। इसकी क्षमता छह यात्रियों और क्रू मेंबर्स को ले जाने की है। इसे चार्टर्ड फ्लाइट या एयर एंबुलेंस के तौर पर ऑपरेट किया जाता है। हालांकि, इसकी रेंज बहुत ज्यादा नहीं होती है। यह एक बार ईंधन भरने के बाद बहुत लंबी दूरी तय नहीं कर सकता है। इसी वजह से थाइलैंड से मॉस्को जाते समय इस विमान में भारत के गया एयरपोर्ट पर ईंधन भरा गया, लेकिन यह भारतीय विमान नहीं है। बदख्शां के सूचना और संस्कृति विभाग के प्रमुख जबीहुल्लाह अमीरी ने कहा कि जांच के लिए एक टीम को इलाके में भेजा गया है। फिलहाल हादसे में हताहतों की संख्या की जानकारी नहीं मिल पाई है। इस बीच रूस के विमानन अधिकारियों ने कहा है कि यह विमान शनिवार देर शाम रडार से गायब हो गया था। इसमें छह लोग सवार थे। यह विमान फ्रांस में बना दसॉ का फैल्कन 10 जेट था। यह चार्टर प्लेन भारत से उज्बेकिस्तान के रास्ते मॉस्को आ रहा था।

## अवैध आव्रजन गिरोह की सहायता करने वाले एजेंटों के खिलाफ गुजरात-दिल्ली में कार्रवाई

**नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी वीजा और फर्जी पासपोर्ट से भारतीयों को विदेश भेजने वाले गिरोह मुख्य साजिशकर्ताओं के खिलाफ गुजरात और दिल्ली के 22 स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने बताया कि 19 व 20 जनवरी को गुजरात में अहमदाबाद, सूरत व मेहसाणा और दिल्ली के कुल 22 स्थानों पर छापेमारी की। ये सभी ठिकाने अवैध विदेशी आव्रजन में सहायता के मामले में प्रमुख साजिशकर्ताओं बाबी उर्फ भरतभाई पटेल, चरणजीत सिंह और अन्य से जुड़े हैं।

**छापेमारी में डेढ़ करोड़ की**




**भारतीय नकदी जब्त**

छापेमारी के दौरान डेढ़ करोड़ की भारतीय नकदी और तकरीबन 21 लाख की विदेशी मुद्रा जब्त की गई है। इसके साथ ही आपत्तिजनक डिजिटल व दस्तावेजी साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। ईडी ने बताया कि इस मामले में भरतभाई पटेल को 2022 में गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पटेल डिंगुचा मामले में भी शामिल था, जहां कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से घुसते समय भारतीय परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई थी।

## पिछले 9 वर्षों में देश में 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित किए गए : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार का प्रयास है कि कैंसर के उपचार में किसी भी मरीज को मुश्किलें ना आएं। इसी सोच के साथ पिछले 9 साल में देश में करीब 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित किए गए हैं और 10 नए कैंसर अस्पताल पर अभी काम चल रहा है। प्रधानमंत्री वीडियो संदेश के जरिए गुजरात में श्री खोडलधाम ट्रस्ट-कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने खोडल धाम की पवित्र भूमि और खोडल मां के भक्तों के साथ जुड़ने को बड़े सौभाग्य की बात बताया। मोदी ने कहा कि श्री खोडलधाम ट्रस्ट ने अमरेली में कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र की आधारशिला रखकर जनकल्याण और सेवा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 14 साल पहले लेउवा पाटीदार समाज ने सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ श्री खोडलधाम ट्रस्ट की स्थापना की थी। तब से ट्रस्ट ने अपनी सेवा के जरिए लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी मरीज को कैंसर के इलाज में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, इसी सोच के साथ पिछले 9 वर्षों में देश में लगभग 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित किए गए हैं और 10 नए कैंसर अस्पतालों पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने इसके इलाज के लिए कैंसर का सही समय पर पता लगाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जब तक गांवों के लोगों में कैंसर का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसी स्थितियों से बचने के लिए केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्तर पर 1.5 लाख से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं, जहां कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का जल्द पता लगाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात ने पिछले 20 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और यह भारत का एक बड़ा चिकित्सा केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि 2002 तक गुजरात में केवल 11 मेडिकल कॉलेज थे जबकि आज यह संख्या बढ़कर 40 हो गई है। बीस वर्षों में यहां एमबीबीएस सीटों की संख्या लगभग 5 गुना बढ़ गई है और पीजी सीटों की संख्या भी करीब 3 गुना बढ़ गई है।

वर्ष 2002 तक गुजरात में केवल 13 फामेर्सी कॉलेज थे जबकि आज उनकी संख्या लगभग 100 हो गई है और पिछले 20 वर्षों में डिप्लोमा फामेर्सी कॉलेजों की संख्या भी 6 से बढ़कर लगभग 30 हो गई है।



## वॉट्सएप पर साइबर अपराध और धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी




**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले पुलिस थिंक टैंक ने वॉट्सएप पर साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी और चेतावनी जारी की है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (इढफ्ऊ) ने ऐसी सात प्रकार की धोखाधड़ी की पहचान की है, जिसमें मिस्ड कॉल, वीडियो कॉल, नौकरी की पेशकश, निवेश योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी, पहचान बदलकर जालसाजी, सेंधमारी और स्क्रीन साझा करना शामिल हैं।

**गृह मंत्रालय ने दिया यह सुझाव**

आठ पन्ने की एडवाइजरी और चेतावनी में कहा गया है कि हाइजैकिंग मामले के जालसाज पीड़ित के वॉट्सएप खाते तक अनधिकृत पहुंच बना लेते हैं और उनके संपर्कों से पैसे का अनुरोध करते हैं। बीपीआरडी ने कहा, कुछ लोगों को अज्ञात नंबर से वॉट्सएप वीडियो कॉल भी आए हैं। ये मूल रूप से सेक्सटार्शन आधारित वीडियो कॉल थे, जिनका उपयोग वॉट्सएप यूजर को धमकी देने के लिए किया जाता है। बीपीआरडी ने कहा कि हैकर्स उपयोगकर्ता को ब्लैकमेल करते हैं और बदले में पैसे मांगते हैं। वॉट्सएप ने इसके खिलाफ कई सार्वजनिक अभियान शुरू किए हैं।

बीपीआरडी ने कहा कि ज्यादातर वियतनाम, केन्या, इथियोपिया और मलेशिया के कोड से शुरू होने वाले नंबरों से किए गए मिस्ड कॉल के माध्यम से हैकर्स सक्रिय यूजर्स को ढूंढ़ने के लिए कोड स्क्रिप्टेड बाट का उपयोग करते हैं। इसके बाद उन्हें साइबर अपराध के लिए टारगेट करते हैं। पहचान बदलकर जालसाजी के तहत जालसाज अपने संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी होने का दिखावा करके पीड़ित से संपर्क करते हैं।

## कर्त्तव्यपथ: त्रि-सेवा महिलाओं की टुकड़ी का दिखेगा जलवा



**नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस परेड के लिए पहली बार, सेना, नौसेना और वायु सेना की त्रि-सेवा महिलाओं की एक टुकड़ी कर्तव्यपथ पर मार्च करेगी। इस दल का नेतृत्व 26 वर्षीय कैप्टन संध्या करेंगी। अभ्यास सत्र के बाद पीटीआई से बात करते हुए संध्या ने कहा कि मैं इसका नेतृत्व करने का अवसर पाकर भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। यह मेरे साथ-साथ टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए गर्व का क्षण है।'दल में अधिकतर अग्निवीर शामिल हैं।

**त्रि-सेवा महिलाओं की टुकड़ी का दिखेगा जलवा**

बता दें कि इस ऐतिहासिक क्षण की तैयारी के लिए 148 सदस्यों की टीम दिसंबर की शुरूआत से ही दिल्ली में है और इससे पहले, उन्होंने दो महीने तक अपने-अपने स्थानों पर अभ्यास किया। तीनों सेनाओं के अभ्यास और प्रक्रियाओं में अंतर के बावजूद, दल ने एक समान लक्ष्य के साथ एक एकजुट यूनिट के रूप में एक साथ ट्रेनिंग लिया। दिल्ली निदेशालय से एनसीसी कैडेट के रूप में 2017 में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली कैप्टन संध्या ने कहा, 'लक्ष्य यह है कि हम अपने हर कदम पर अपना सर्वश्रेष्ठ, उभरती हुई नारी शक्ति का प्रदर्शन करें।'

**कैप्टन संध्या करेंगी नेतृत्व**

कैप्टन संध्या ने कहा कि नौसेना और वायु सेना से आने वाली महिला सैनिकों को शुरूआत में यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण लगा क्योंकि तीनों सेवाओं में अभ्यास और प्रक्रियाएं अलग-अलग हैं। जैसे की सलामी को लेकर। वायु सेना में, नौसेना और थल सेना की तुलना में हाथ की सलामी अलग होती है। इसी तरह तलवार का कोण भी अलग होता है। उदाहरण के लिए, सेना में, यह 45 डिग्री पर होना चाहिए। कैप्टन संध्या ने कहा कि हम सभी ने अच्छा अभ्यास किया है और 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए तैयार हैं।

## कोरोना से 24 घंटे में छह लोगों की मौत, 290 मामले किए गए दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड के 290 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि एक्टिव केसों की संख्या 2,059 दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में कोविड से 6 मौतें हुई हैं जिसमें केरल से चार और महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से एक-एक है। 5 दिसंबर, 2023 तक दैनिक मामलों की संख्या घटी थी, लेकिन एक नए वैरिएंट के आने और ठंड के मौसम की स्थिति के बाद वे फिर से मामले बढ़ने लगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 को एक दिन में 841 नए मामले सामने आए, जो मई 2021 में रिपोर्ट किए गए चरम मामलों का 0.2 प्रतिशत है।












# मानस प्रचारिणी समिति मेजारोड के नेतृत्व में निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा

**डीजे व गाजे बाजे के साथ रथ पर सवार श्रीराम लक्ष्मण सीता व हनुमान के जयकारों से गूंजा संपूर्ण क्षेत्र, चारों ओर उत्साह और खुशी का नजारा**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महापर्व के मद्देनजर एक दिन पूर्व रविवार को भाजपा के प्रमुख दिग्गजों द्वारा मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष इं ० नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में सामूहिक रूप से विशाल एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई जो सिद्ध मानस मंदिर से लखनपुर होते हुए श्यामकली इंटर कालेज भ्रमण करते हुए समापन किया गया इस दौरान डीजे व गाजे बाजे के साथ घोड़े के रथ पर सवार श्रीराम लक्ष्मण सीता और हनुमान के जय घोष से सम्पूर्ण मेजारोड बाजार राम मय हो गया था। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिला भक्तगण शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष की अगुवाई में आयोजित शोभायात्रा में गंगा यमुना सरस्वती की भांति मेजा विधानसभा की तीन बड़ी हस्तियां जिसमें मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल आगामी चुनाव की दावेदारी में लगे डा संगम मिश्र के प्रतिनिधि शंकरदेव त्रिपाठी तथा पूर्व विधायक कलेक्ट र पांडेय अपने अपने समर्थकों के संग गाजे बाजे के साथ तीन छोर से आए और मेजारोड में शोभायात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए तीनों महारथियों ने सामूहिक रूप से विलय कर लिया जिससे आयोजित शोभायात्रा ऐतिहासिक और यादगार बन गई। शोभायात्रा में शामिल हजारों कि संख्या में पुरुष एवं महिला भक्तों द्वारा श्रीराम के जयघोष से समूचा क्षेत्र राम मय हो गया था नजारा ऐसा की देखने वालों की भारी भीड़ रही। शोभायात्रा में मेजा पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा स्कूल के डायरेक्टर अमरेश तिवारी की अगुवाई में जहां भारतीय संस्कार पर आधारित जय घोस निकला जो पूरे शोभायात्रा में चर्चा का विषय रहा वहीं मेजारोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के द्वारा महाप्रसाद का वितरण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान समाजसेवी इंद्रदेव शक्ल उर्फ राजू शक्ल ने भी काफी बढ़ चढ़ कर भागीदारी दिया। गौरतलब है इस ऐतिहासिक शोभायात्रा के दौरान पूरा बाजार केसरिया रंग के झंडे से अटा पटा हुआ था। चारों ओर काफी उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। महिलाएं हाथ में केसरिया झंडा लिए प्रभु श्रीराम का जोर शोर से जय कारा लगा रही थी शोभायात्रा के सभी महारथियों ने सोमवार को प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महापर्व को दीपावली के पर्व की तरह मनाने की अपील कर रहे थे।



## भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ तत्वावधान में साहू समाज की बैठक संपन्न

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के तत्वाधान में साहू समाज की एक आवश्यक बैठक खानपुर के बी डी सेंट्रल एकेडमी में आयोजित की गई जिसमे बतौर मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव डा0 सुख लाल साहू रहे बैठक का संचालन परिवर्तन समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने किया उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की साहू समाज का जिस तरह से राजनैतिक पार्टियों द्वारा शोषण किया जा रहा है यह ठीक नहीं है।सभी साहू समाज के लोगो से अपील है की आगामी लोकसभा के चुनाव में हम सभी लोगो को परिवर्तन समाज पार्टी के ही प्रत्याशी को अपना वोट दे तभी समाज का राजनैतिक विकास संभव है विशिष्ट अतिथि रहे श्री साहू ने कहा कि अब समय आ गया है हम सभी लोगो को अपने समाज को उचित भागीदारी दिलाने का क्योंकि वोट हमारा राज तुम्हारा नही चलेगा।संचालन कर रहे संतोष गुप्ता ने कहा की बहुत जल्द ही एक रैली का आयोजन किया जायेगा जिसमे आप सभी लोगो को हजारों की संख्या में पहुंचकर अपने हक और अधिकार के लिए आवाज उठाना होगा। बैठक में मुख्य रूप सेअंजनी गुप्ता,लोकपति गुप्ता,जितेंद्र गुप्ता,संतोष कुमार,रमेश चंद्र,जय प्रकाश गुप्ता,चिंतामणि गुप्ता,अशोक कुमार,दुर्गा प्रसाद,लल्लन प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में लालापुर के मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के मंदिरों में अयोध्या रामोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार से श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय ने बताया कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में क्षेत्र के मनकामेश्वर मंदिर, बोडेश्वर मंदिर, दखिनी माता मंदिर व श्री राम जानकी मंदिर में श्री राम चरित मानस पाठ के साथ साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। अयोध्या का राम मंदिर हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल माना जाता है। ये भगवान राम का जन्मस्थान माना है और मंदिर के निर्माण को हिंदू समुदाय के लिए एक प्रतीकात्मक जीत के रूप में देखा जाता है, जो दशकों से मंदिर निर्माण के लिए लड़ रहे थे। साथ ही यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारे रामलला आज इतने वर्षों बाद अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं,जो गर्व का विषय है। इस कार्यक्रम को करने वाले मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार आशीष मिश्रा, पत्रकार दीपक पाण्डेय, पत्रकार दीपचंद्र शुक्ला, पत्रकार मनोज त्रिपाठी,पत्रकार मंगला प्रसाद तिवारी, आशुतोष द्विवेदी, संदीप केसरवानी, रोहित शुक्ला राहुल शुक्ला, विनायक पाण्डेय, कार्तिकेय पाण्डेय, कबूतर बेसी, नागेश द्विवेदी रोहन पाण्डेय सहित अन्य कई लोग रहे।

## उतराव में निकाली गई भव्य श्री राम शोभायात्रा

**जयकारों से गूंज उठा क्षेत्र उमड़ा राम भक्तों का जन सैलाब**

**उतरांव।** उतरांव गांव में रविवार को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सर्व हिंदू समाज द्वारा भव्य श्री रामचंद्र जी का शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में श्री राम भक्त पताका फहराते हुए चल रहे थे। वही शोभायात्रा में भगवान श्री राम मां सीता राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी की प्रतिमा मन हो रही थी। श्रद्धालु भगवान राम के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। बता दे की शोभायात्रा उतराव शनिदेव मंदिर से प्रारंभ हुई और भारी भीड़ से होते हुए भौथर, भूषण्ड, नीमी थारिया, नौबाजार, समोधीपुर, सरायबंशी, बेलवरिया आदि होते हुए शनि देव मंदिर पर पुनः संपन्न हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में पुरुष व नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे। वही शोभायात्रा में डीजे की धुन पर राम भक्त जमकर थिरके। शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों के हाथ में भगवा ध्वज जिसे लहराते हुए



चल रहे थे और जय श्री राम के नारे भी लगा रहे थे।वही अपना दल एस जिला पंचायत सदस्य अशोक केसरवानी शोभायात्रा में शामिल हुए। वही शोभा यात्रा में डीजे में बज रहे बुलडोजर बाबा चाप रहे हैं माफिया हाफ रहे हैं के गाने पर जमकर युवा थीरके तथा क्षेत्र श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। उक्त अवसर पर राजेश उर्फ राजू भारतीय, आनन्द पूर्व प्रधान,पृथ्वी पाल भारतीय,नरेंद्र उर्फ टिन्नू कुशवाहा, जितेंद्र कुमार कुशवाहा, लव कुश कुशवाहा, योगेश उर्फ बबलू कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, गुलाबचंद मौर्य, सत नारायण मौर्य, फूलचंद कनौजिया, मिश्रीलाल कनौजिया, महेश कुशवाहा, पवन उर्फ. साजन कुशवाहा, जलज, अरुण, अर्जुन, योगेश, राहुल केसरी, डब्बू केसरी, फूलचंद केसरवानी, शतीश केसरवानी, श्याम गुप्ता प्रधान, फूलचंद कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, हरिश्चंद्र भारतीय, अजय यादव, कल्लू यादव, राजेश यादव डब्लू प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रीराम की गाजे बजे के साथ निकली शोभा यात्रा

**कौंधियारा।** जिले के तहसील बारा विकास खण्ड जसरा के ग्राम पंचायत लोटाढ मे रविवार को रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में ग्रामीणों ने सैकड़ों लोगों की संख्या मे हांथ में जय श्री राम का झण्डा लेकर जय श्री राम का नारा बुलंद करते हुए पूरे गांव की गलियों में भ्रमण कर रहे थे साथ में बैण्ड बाजा बज रहा था पूरे गांव के लोगो ने अपने अपने दरवाजे पर रामभक्तो के ऊपर पुष्प वर्षा कर रहे थे सैकड़ों की संख्या मे औरते बच्चे भी इस जुलूस में शामिल हुए गांव के प्रत्येक मंदिरों में यह जुलूस होते हुए अन्त में एक प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंची जहां पर 24 घण्टे का राम नाम का कीर्तन आयोजित किया गया है, इस राम यात्रा में मुख्य रूप से सुरेश तिवारी कमलापति त्रिपाठी ऐडवोकेट, प्रवीण पाण्डेय, श्रीपति त्रिपाठी,जनार्दन पति त्रिपाठी ,



अर्पित तिवारी ऐडवोकेट,विवेक शुक्ल जी, बिंद्रा शुक्ल घनश्याम तिवारी, उमापति त्रिपाठी अंकित शुक्ल आशुतोष तिवारी वाचस्पति त्रिपाठी जोखू लाल रामभक्त, अमित दुबे, भोला गुप्ता, शशी त्रिपाठी, श्रीमती देववती दुबे छोटन दुबे करुणापति त्रिपाठी ब्रह्मदेव मिश्र सूरज शुक्ल अंकुर द्विवेदी भूपति, विपिन मिश्र राहुल तिवारी रामलला पति त्रिपाठी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## साफ सफाई कर मंदिरों को सजाया गया

**मांडा।** अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मांडा क्षेत्र में काफी उत्साह है। वही शासन के मंशा के अनुरूप जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार रविवार को कोसड़ा कला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दरबारी लाल पटेल व सचिव बृजेश दूबे के नेतृत्व में मांडा कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित देवकुण्ड नाथ मन्दिर परिसर में सफाईकर्मियों ने झाड़ू लगाया और चूने से एरो बनाकर मन्दिर के आस पास सजाया गया वहीं ग्राम प्रधान श्री पटेल ने कहा कि 22 जनवरी को मंदिर में भजन, कीर्तन और सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में प्राचीन सिद्धपीठ मां मांडवी देवी मन्दिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया साथ ही मंदिरों को सजाते हुए 22 जनवरी को भजन, कीर्तन के लिए तैयारियां पूरी कर लिया है। बीडीओ मांडा अमित कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम सम्पन्न कराने के लिए सचिवों को उपरोक्त जिम्मेदारी सौंप दी है जगह जगह भजन कीर्तन किए जाएंगे। उधर भारतगंज नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी बंटी कुमारी व अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर भाई शकील टंकी द्वारा श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर साफ सफाई की व्यवस्था के साथ भारतगंज बूढ़े नाथ मंदिर में भजन, कीर्तन के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की मनमोहक झांकियां निकाली जाएगी तथा बादपुर गंगा तट स्थित बूढ़े नाथ मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। वहीं मांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ अजीत सिंह ने भगवा रंग से गेट की पुताई करवा कर भगवान श्रीराम के प्रतीक को साबित कर दिया है।

## प्रभु प्रेम और श्रद्धा के हैं भूखे- पं.राम शंकर ओझा



**सहसों।** क्षेत्र के नीबी खुर्द गांव में सप्त दिवसीय चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन अपने अमृतमयी वाणी से कथा व्यास पंडित राम शंकर ओझा जी ने भगवान द्वारा गोपियों के साथ महारास एवं प्रभु श्री कृष्णा व देवी रुक्मणी विवाह की सुंदर प्रसंग का सजीव वर्णन करते हुए बताया कि वृंदावन स्थित निधिवन में श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाते भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। कथा व्यास ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को पराजित कर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी से विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कथा के दौरान आयोजक तथा भक्तों द्वारा आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत किया गया। सुंदर झांकी देख उपस्थित भक्त श्रोताओं ने पुष्प वर्षा करते हुए राधे-राधे का जयकारा लगाने लगे जिससे पूरा कथा पंडाल भक्तिमय हो गया। देवी रुक्मणी ने शीशुपाल का परित्याग करते हुए प्रभु कृष्ण के प्रेम में उनका हांथ थाम लिया। उन्होंने कहा जो भी मनुष्य भगवान को प्रेम और श्रद्धा से भक्ति में तल्लीन रहता है उसका जीवन भवसागर से पार होते हुए भक्ति के साथ मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उपस्थित कथा रसिक श्रोताओं ने सुंदर प्रसंग सुनकर आनंदित होते हुए भाव विभोर हो उठे। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान कुम्भकांत शुक्ला, शोभामणी शुक्ला, राजमणी शुक्ला एवं आदि श्रोता भक्तों ने व्यास पीठ, भागवत भगवान तथा आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से संजय शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, चिंतामणि शुक्ला, देवी प्रसाद शुक्ला, प्रधान कप्तान मिश्रा, अवनीश, अनुराग, अनुपम, अभिनव, अभिषेक, गौरीक एवं मानष सहित भारी संख्या में भक्त श्रोता नर नारियों ने पंडाल में उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली गई भव्य शोभा रथ यात्रा

**क्षेत्र का जर्रा जर्रा हुआ राम मय, जय श्रीराम जयघोष से गूँजता रहा**

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। जिसको लेकर पूरा राम भक्त ने गली-गली और गांव-गांव व बाजारों में प्रभु श्रीराम का भगवा झंडी से सजाया गया। मंदिरों में साफ-सफाई के साथ फूल और मलाओ से श्रृंगार करके मन्त्रो से विधिपूर्वक पूजा करके आरती किया गया। और लाइट व झूमर भगवा झंडी से सजाया गया। मेजा क्षेत्र के सिरसा, रामनगर, उचडीह, सोरांव, मेजारोड़, सोनार का तारा, कनिगड़ा, बलुहा, भरतगंज, बरी, खानपुर पूरा क्षेत्र में राम लला प्राण प्रतिष्ठा रथ शोभा यात्रा निकाली गई। आज पूरा देश राम मय हो गया हैं भगवान श्रीराम के पटके व झंडे उठाकर गांव व गली -गली में राम भक्त ढोल नगाड़े और डीजे के धुन पर शोभायात्रा में श्रीराम,जानकी माँ, लक्ष्मण, हनुमान जी की झाकियो के साथ पुरूष-महिलाएं व बच्चों बड़े उत्साह से



शामिल हुए। शोभायात्रा में रामभक्तों द्वारा कहा गया। युग राम राज का आया हैं... जय श्रीराम जय श्रीराम्र के जयकारो से गूँजता रहा। दूर-दूर तक नाचते हुए राम भक्तों का सैलाब देखने को मिला। आयोजको ने बताया कि हमारे देश के लिए श्रीराम अपने घर आना बड़े सौभाग्य का दिन है। आज पूरा देश राम मय हो गया हैं। प्रभु श्रीराम का आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद हम सभी श्रीराम दर्शन करने के लिए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि शोभायात्रा के जरिये लोगो को प्रभु श्रीराम का संदेश दिया गया। क्षेत्र के सभी मन्दिर में रंग रोगन व साज - सज्जा देखने को मिला और गांवो और शहरों और गली-गली को भगवा झंडी से सजाया गया। विनय कुमार यादव अध्यक्ष भाजपा सिरसा मण्डल, आशीष सिंह पटेल (जिला संयोजक) विनोद कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष) पिछड़ा मोर्चा भाजपा सिरसा मण्डल, राजेश कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष) पिछड़ा मोर्चा भाजपा मेजा मण्डल, राम मिलन गुप्ता भाजपा नेता, सुरेश सिंह पटेल भाजपा नेता, संजय कुमार केशरी अध्यक्ष उरुवा मण्डल, राम सागर बिन्द, जय शंकर तिवारी, अजय सिंह, राजेश विश्वकर्मा, भगवान दास प्रजापति, रमेश विश्वकर्मा, डॉक्टर संतोष पटेल, अमृत लाल पटेल, ओम प्रकाश विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, डॉक्टर कृष्ण कुमार पटेल, डॉक्टर मनोज पटेल, शीतला प्रसाद विश्वकर्मा, अनिल कुमार यादव,विनीता विश्वकर्मा, पुष्पा श्रीवास्तव, गुड़िया भातीय आदि शामिल रहीं।

## अयोध्या में आयोजित श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मानस मंदिर से आज होगा प्रसारण सभी तैयारियां पूर्ण



**मेजा।** स्थानीय पांती ग्राम सभा में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर में सोमवार को भगवान श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या धाम से सीधा प्रसारण एवं संगीतमयी संकीर्तन का आयोजन होगा। मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष ई० नित्यानंद उपाध्याय ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक रहेगा। इस शुभ अवसर पर श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर के प्रांगण में महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम का संगीतमयी संकीर्तन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रसारण भी मंदिर प्रशासन द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धांत तिवारी ने सभी भक्तों से उक्त शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील किया है।

## न्यूज झरोखा

### अरैल घाट पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं दीपोत्सव का आयोजन किया



**नैनी।** नैनी अयोध्याधाम में श्री राम जन्मभूमि स्थल पर लगभग 500 वर्ष के संघर्ष के पश्चात निर्मित भव्य-दिव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को हो रहे श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रयागराज फाउंडेशन एवं सहयोगी संस्थाओं के द्वारा गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र संगम तट स्थित अरैल घाट सेल्फी प्वाइंट, नैनी, पर "सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं दीपोत्सव तथा गायन,नृत्य एवं काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कइस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल, विश्व हिंदू परिषद के काशी प्रांत संगठन मंत्री नितिन, एवं कार्यक्रम संयोजक तथा उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विधि अधिकारी शशांक शेखर पांडेय ने मंत्र उच्चारण के मध्य दीप प्रज्वलन करके श्रीरामोत्सव का शुभारंभ किया ' पंडित पवन शास्त्री एवं सौरभ कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान चालीसा का 1100 पाठ किया और घाट को दीयों एवं रंगोली से सजाया गया ' इस दौरान घाट पर रंगोली के माध्यम से श्री राम दरबार, स्वास्तिक एवं जय श्री राम के चित्र को उकेरा गया कसनातन सांस्कृतिक समारोह के अंतर्गत आयोजित गायन, नृत्य एवं काव्य प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात भजन गायको के द्वारा प्रभु श्री राम एवं गंगा मैया के चरणों में अलौकिक एवं दिव्य भजनों की प्रस्तुति की गई। कवियों द्वारा कविता पाठ भी किया गया। संचालन दत्तात्रेय पांडेय ने किया। इस अवसर पर सहयोगी संस्थाओं पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति के सचिव दत्तात्रेय पांडेय, अंतस फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सूर्य उदय परिवार के देवमणि सरोज, पिक्सल पावर एनर्जी के शेषमणि सरोज, महादेव ऑफिशियल ग्रुप के अध्यक्ष विकास विश्वकर्मा, यमुना पार कलाकार संघ के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव, आरोग्यम योग संस्थान की संचालिका कुमकुम आचार्य, गायक आशीष शर्मा, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री जयव्रत सिंह, धनंजय सिंह, विजय कनौजिया, सचिन द्विवेदी, अमन शास्त्री, शाही मसाला की कुमुद शाही, अपेक्स आईटीआई कॉलेज के बी. एन. दीक्षित, योगराज मिश्र, कवि संतोष शुक्ला, वंदना शुक्ला, अभिषेक सिंह, नीरज शुक्ल, विनय शुक्ल, राम रघुवीर मिश्रा, कमलेश मिश्रा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### श्रीरामोत्सव कार्यक्रम में कथा के साथ भक्ति कार्य से जुड़े लोगों का हुआ सम्मान



**जसरा।** 22 जनवरी को भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में राम भक्तों में बहुत बड़ा उत्साह है। जगह-जगह इस यादगार पल को श्रीरामोत्सव कार्यक्रम कर खुशियां मनाई जा रही है। इसी कड़ी में पंडित शारदा प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय पांडर जसरा मोड़ पर श्रीरामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रताप सिंह एवम् मुख्य अतिथि हरिकृष्ण शुक्ला, ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह रहे। सबसे पहले कथा वाचक राम अचल शुक्ल एवम अयोध्या से पधारे पंडित मधुसूदन शास्त्री जी के मुखारविंद से भगवान श्री राम कथा का वाचन किया गया । क्षेत्र में अखण्ड मानस पाठ के व्यास व रामलीला कार्यकताओं को श्रीराम चरित मानस की पुस्तक एवम् शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि राम की सेवा में समर्पित रहे स्व०रामनिहोर त्रिपाठी,स्व० पंचराज शुक्ल, स्व०रामशिरोमणि त्रिपाठी, स्व०रामायण प्रसाद आदि के स्मृति में यह रामोत्सव कार्यक्रम किया गया। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी के दिन मंदिरों को साफ व स्वच्छ कर उनको सजाएं एवं घरों में दिवाली जैसा उत्सव सभी लोग मनाएं। यह कार्य सभी क्षेत्रवासी बड़े शिद्दत के साथ करें ताकि भगवान श्री राम के आगमन को हर-हर व्यक्ति इस खुशी में सहभागी बन सके। इस अवसर पर संजय सिंह पूर्व सांसद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बहादुर पुर राजकुमार सिंह,हरीराम त्रिपाठी, रामानंद त्रिपाठी,अनिल मिश्र डायरेक्टर कोआपररेटिव बैंक प्रयागराज, जगत शुक्ला मंडल अध्यक्ष,समाजसेवी पं० राजाबाबू पाठक,राधेश्याम पाठक सेवा निवृत्त एसडीएम, गया प्रसाद त्रिपाठी,सत्येंद्र प्रताप सिंह,ज्ञानेन्द्र पाठक, राजेश त्रिपाठी , वंदना सिंह, भूपेंद्र पाठक,विशेश्वर नाथ मिश्र,कमला द्विवेदी , बब्बन सिंह आदि क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित रहे।

### बीडीओ मांडा के नेतृत्व में प्राचीन सिद्धपीठ मां मांडवी देवी के परिसर में सफाई कर्मियों ने लगाया झाड़ू



**मांडा।** अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मांडा क्षेत्र में काफी उत्साह है। वही शासन के मंशा के अनुरूप जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार शनिवार को दोपहर बाद बीडीओ मांडा अमित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्राचीन सिद्धपीठ मां मांडवी देवी मन्दिर परिसर में सचिव बृजेश दूबे व रमा कांत, आशा देवी, बृज मोहन, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार मौर्य आदि सफाईकर्मियों ने झाड़ू लगाया ।और बीडीओ मांडा ने कहा कि 22 जनवरी को मन्दिर को सजाया जाएगा। मंदिरों में भजन, कीर्तन और सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। सभी सचिवों को उपरोक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई है जगह जगह भजन कीर्तन किए जाएंगे। उधर भारतगंज नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी बंटी कुमारी व अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर भाई शकील टंकी द्वारा श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर साफ सफाई की व्यवस्था के साथ भारतगंज बूढ़े नाथ मंदिर में भजन, कीर्तन के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। वहीं मांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ अजीत सिंह ने भगवा रंग से गेट की पुताई करवा कर भगवान श्रीराम के प्रतीक को साबित कर दिया है।

### ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की अगुवाई में निकली शोभायात्रा



**मेजा।** ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कठौली एवं समाजसेवी हरिशंकर शर्मा ( पप्पू भैया ) के नेतृत्व में डी जी एस गेस्ट हाउस के सामने मेजारोड में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महापर्व को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्री शर्मा स्वयं के गांव के ग्रामीणों को सोमवार को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन महापर्व को घरों एवं आस पास स्थित मंदिरों में दीप जलाकर इस महापर्व को दीपावली की भांति उत्साह पूर्ण माहौल में मनाने तथा यादगार बनाने की अपील किया है। इस मौके पर दिलावर सिंह राजन शर्मा बबलू शर्मा के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कथा श्रवण से मानव की सारी व्यथा दूर हो जाती है : डॉ त्रिभुवन आचार्य



**करछना।** जन कल्याण हेतु चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण की कथा की पुणाहुति हवनों पश्चात हुई। उत्तर भारतीय सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से आयोजित नालासोपारा वेस्ट यशवंत गौरव में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास ने आखिरी दिन डॉ त्रिभुवन आचार्य की ओर से भागवत महिमा के उपसंहार की कथा सुनाई गई। और भागवत माहात्म का बखान किया गया । उन्होंने कहा की कथा श्रवण से मानव की सारी व्यथा दूर हो जाती है। वहीं सांय कालीन में हवनो पश्चात कथा की पुणाहुति हुई । और कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की गई। जिसमें कलाकारों की ओर से भक्ति भजनों के गायन भी हुए। कथा के व्यवस्थापको में समाजसेवी शारदा प्रसाद ओझा, कुलदीप ओझा जय कुमार ओझा की ओर से सभी के प्रति आभार भी जताया गया । इस मौके पर उक्त संस्था के अध्यक्ष हरिओम श्रीवास्तव, सचिव राजीव तिवारी, मीडिया प्रभारी ऋषि राज उपाध्याय ,प्रवक्ता विकास आजाद सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# राममय माहौल में जल जीवन मिशन के पंडाल का माघ मेला में आज होगा श्री गणेश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को निरंतर कम किया जा रहा है. किस तरह से जल जीवन मिशन पूरे यूपी में ग्रामीणों के जीवन में बदलाव ला रहा है, उसकी एक झांकी प्रयागराज के माघ मेले में देखने को मिलेगी. जहां पहुंच रहे करोड़ों श्रद्धालुओं के बीच उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन का पंडाल आकर्षण का केंद्र बनेगा । इस पंडाल में अनेक खासियत हैं । जिनको निहार कर यहां आने वाले तीर्थ यात्री जल जीवन मिशन की कामयाबी से दो-चार होंगे । अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर सोमवार 22 जनवरी के दिन इस पंडाल का श्री गणेश होगा. जहां सुबह 8:00 बजे से पंडाल में लगाई गई आठ एलईडी स्क्रीन पर रामानंद सागर कृत रामायण धारावाहिक का प्रसारण किया जाएगा. इसके साथ ही अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी इन स्क्रीन पर की जाएगी. जल जीवन मिशन के पंडाल में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात शाम को सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया जाएगा. इसके बाद में भंडारे का भव्य आयोजन होगा और यहां आए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा । दो करोड़ ग्रामीण घरों तक पहुँचा नल से जल उत्तर प्रदेश के दो करोड़ ग्रामीण घरों में जल जीवन मिशन के तहत नल से जल पहुंच चुका है. राज्य सरकार की इस कामयाबी की वजह से उत्तर प्रदेश के 75% ग्रामीण घरों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है. जिसकी झांकी जल जीवन मिशन के माघ मेला के दौरान लगाए गए पंडाल में भी दिखेगी। उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन के प्रबंध निदेशक बलकार सिंह ने बताया कि इस पंडाल का सबसे बड़ा उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है । जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक गांव तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का लक्ष्य 75% पूरा हो चुका है. हम दो करोड़ कनेक्शन के आंकड़े को प्राप्त कर चुके हैं. अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हमारा पंडाल, माघ मेला में शुरू होगा. जहां हम जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल, अमृत सरोवर और ऐसी ही अपनी अन्य योजनाओं के मॉडल का प्रदर्शन करेंगे. इसके साथ ही नदियों के संरक्षण, गंगा संरक्षण पर भी विशेष मॉडल देखने को मिलेंगे।

### प्रयागराज माघमेला में जल जीवन मिशन के पंडाल के जरिए उत्तर प्रदेश में ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था में आई क्रांति का झांकी के जरिए करेगा प्रदर्शन

### पंडाल के शुभारंभ के मौके पर 8 एलईडी स्क्रीन पर दिखाई जाएगी रामायण, प्राण प्रतिष्ठा समारोह की होगी लाइव स्ट्रीमिंग, पंडाल में किया जाएगा सुंदरकांड का पाठ व भंडारा




### एआई के जरिए पीएम और सीएम के साथ सेल्फी ले सकेंगे लोग

एआई के जरिए जल जीवन मिशन के पंडाल में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सेल्फी लेने का अद्भुत अवसर भी यहां आने वाले श्रृद्धालुओं को मिलेगा। जल जीवन मिशन के पंडाल में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए सेल्फी लेने की व्यवस्था की गई है। जल जीवन मिशन के पंडाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न होते हुए भी सबके साथ होंगे।

### हर घर नल से जल योजना का मॉडल विलेज करेगा आकर्षित

इस पंडाल में हर घर नल से जल योजना के मॉडल विलेज को भी प्रदर्शित किया गया है, जिसके जरिए यह बताया गया है कि किस तरह से एक आदर्श गांव में हर घर नल से जल योजना प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कर रही है. किस तरह से एक गांव में टंकी के माध्यम से शुद्ध पेयजल हर घर को पहुंचाया जा रहा है और व्यवस्थित सड़के गांव में नजर आ रही हैं. जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण की जागरूकता के प्रयास से कैसे ग्रामीण न केवल शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का लाभ उठा रहे हैं बल्कि जल संरक्षण में मदद भी कर रहे हैं. इन सारे बिंदुओं को बहुत ही सार्थक तरीके से इस मॉडल विलेज में दर्शाया गया है।

# माघ मेले में क्राउड मैनेजमेंट पर हुआ मंथन एसपी माघ मेला ने की बैठक



**प्रयागराज।** माघ मेले में दूसरे स्नान पर्व माघी पूर्णिमा को लेकर आने वाली संभावित श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आज रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला प्रयागराज में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में एसपी माघ मेला राजीव नारायण मिश्र उपस्थित रहे। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में क्या करना है और क्या नहीं। पुलिस उप-महानिरीक्षक व एसपी मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने माघ मेला क्षेत्र के संगम घाट व सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ अत्यधिक होने की स्थिति से निपटने के लिए सबसे पहला काम तो डायवर्जन लागू करना है। भीड़ पैनिक न हो इसके लिए लगातार अनाउंसमेंट करते रहना है। घाटों पर जिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी रहे वो लगातार घाटों पर स्नान कर चुके स्नानार्थियों से घाट खाली कराते रहें। किसी भी श्रद्धालु से बदतमीजी कतई न करें। श्रद्धालुओं से पुलिसकर्मियों को तमीज से पेश आना है। घाटों पर भीड़ एकत्रित न हो इसकी सीसीटीवी से लगातार निगरानी करते रहें। कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल कंट्रोल रूप को सूचना दें।ब्रीफिंग के दौरान क्ढर डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने कहा कि माघ मेला में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों व मेला नियंत्रण कक्ष में नियुक्त पुलिसकर्मियों को आपातकालीन योजनाओं की भली भांति जानकारी होनी चाहिये। श्रद्धालुओं को आने-जाने व स्नान के दौरान कोई असुविधा न हो तथा आपातकालीन योजनाओं के आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन के समय किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। ब्रीफिंग के बाद आपताकालीन योजनाओं का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर नोडल पुलिस अधिकारी माघ मेला क्ढर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय व मेला में नियुक्त समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# रिंग रोड का कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रयागराज रिंग रोड पैकेज 1 एवं 2 के अंतर्गत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण आज मेला अधिकारी, कुम्भ मेला, विजय किरन आनंद ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों ही पैकेज के अंतर्गत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से जीएसबी डालने का काम मार्च 2024 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने तथा यूटिलिटी शिफ्टिंग एवं पेड़ हटाने से संबंधित कार्यों को शीघ्र कराने को कहा। कुछ स्थानों पर राइट ऑफ वे से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उसे भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए।





# नैनी में दूसरे दिन सुबह तड़के शुरू हुई पीडीए की कार्रवाई

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर महाकुम्भ के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने नैनी स्टेशन रोड मस्जिद के पास सुबह तड़के ही कार्रवाई शुरू कर दी। पीडीए के जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में भवन निरीक्षक कुवंर आंनद, राकेश शर्मा समेंत पीडीए की पूरी टीम नैनी मे सुबह सात बजे से कार्रवाई शुरू कर दी। जोनल अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। जिसके कारण सुबह तड़के ही कार्रवाई की है। दोपहर तक चली कार्रवाई में एक दर्जन से अधिक चिन्हीकरण किये गए मकान, दुकान समेत अन्य अतिक्रमण को ढहाया गया।

# न्यूज झरोखा

## पुलिस प्रशासन ने छिवकी जंक्शन व नैनी क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में चला चेकिंग अभियान 22 जनवरी को आयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूर्व संध्या पर छिवकी जंक्शन व नैनी स्टेशन समेंत अन्य स्थानों पर डीसीपी यमुनानगर पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। यमुनानगर डीसीपी अभिनव त्यागी, एसीपी करछना व इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने 22 जनवरी को आयोध्या श्री रामलला के प्राण प्रतिस्ठा से पूर्व छिवकी व नैनी जंक्शन समेंत क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन व ट्रेन से आने वाले संदिग्धों की चेकिंग की गई। लगभग दो घंटे तक चले इस अभियान में बिना हेलमेट व चार पहिया वाहन में ट्रैफिक नियमो का पालन न करने वालो को हिदायद देकर छोड़ा गया।

## एसपीओ पुलिस मित्र के संग यमुना पार पत्रकारों संग हुई बैठक संपन्न




**नैनी।** नैनी विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र टीम एक सभा यमुना पार के पत्रकारों के संग ए डी ए कॉलोनी में संपन्न हुई बैठक में मनीष विश्वकर्मा को एसपीओ संगठन सचिव रविन्द्र सिह ने टीम में उप थाना कमेटी प्रभारी के पदभार के साथ सम्मलित किया। एवं एसपीओ टीम ने नैनी के पत्रकार बंधुओ को सम्मानित किया एवं भगवान श्री रामचंद्र जी का स्लोगन भेट किया। इससे पहले मनीष विश्वकर्मा जिला अपराध निरोध में कार्य पर थे और वर्तमान में जिला अपराध निरोधक से त्याग पत्र दे दिए। एवं एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली राम जी जायसवाल के मार्गदर्शन मे संगठन सचिव व मीडिया प्रभारी ने मनीष विश्वकर्मा का टीम में स्वागत किया है और कहा टीम में ऐसे निष्ठावान, ईमानदार व्यक्ति की आवश्यकता है, और उम्मीद करते है कि मनीष अपने दायित्वों को निभायेंगे टीम की गरिमा समझेंगे और टीम को ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेंगे।

## भाजपा कार्यकताओं ने नैनीमें निकाली प्रभात फेरी



नैनी। नैनी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शिवनगर दक्षिणी लोकपुर उत्तरी लोकपुर नंदन तालाब रामनगर चौराहा आदि जगहों पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज संजय श्रीवास्तव, पार्षद मयंक यादव, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष सरदार पथविंदर सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रभात फेरी निकाल करके सभी जनता जनार्दन का अभिवादन करते हुए अपील किया कि प्रत्येक मनुष्य प्रत्येक नागरिक अपने-अपने घरों में प्राण प्रतिष्ठा के समय दीपक जलाएं और भगवा ध्वज अपने घरों पर अवश्य लगेयह एक गौरव सम्मान की बात है 500 वर्ष बाद हमारे श्री राम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के माध्यम से होने जा रहा है हम लोगों के अपार खुशी है इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार शंकर भारतीय पार्षद मयंक यादव नीरज शर्मा सुधीर शर्मा सुनील विश्वकर्मा सुनील कुशवाहा नित्यानंद मिश्रा रमेश पटेल आज दर्जनों कार्यकताओं के साथ सभी मोहल्ले में घूम-घूम करके अपील किया गया कि अवश्य दीपक जलाएं और भागवत ध्वज को लगे कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश साहू ने दीपक तेल और रुई का वितरण किया।

## सार्वजनिक रामलीला समिति नैनी का भव्य शोभायात्रा आज

### शाम 5 बजे श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन (ध्वनि एवं प्रकाश के द्वारा)

**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला समिति नैनी अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल के द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर नैनी में शोभायात्रा एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन रामलीला पार्क में किया जा रहा है। 22 जनवरी दिन सोमवार को शोभा यात्रा रामलीला मैदान से दोपहर 12 बजे उठकर नैनी बाजार विभिन्न क्षेत्र होते हुए रामलीला मैदान में समाप्त होगी शाम को श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन (ध्वनि एवं प्रकाश के द्वारा) शाम 5 बजे रामलीला मैदान आप सभी 'रामभक्तों' से आग्रह है कि अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पुण्य के भागीदार बनें।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**झूंसी।** त्रिवेणीपुरम गेट के निकट स्कूटी सवार व्यक्ति को बगल से जा रही बस ने साइड मारी, जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गया। बस के पीछे आ रहे ट्रक के नीचे आ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी जानकारी लोगों ने चौकी इंचार्ज चमनगंज संतोष सिंह को दी। एम्बुलेंस की मदद घायल व्यक्ति को स्वरुप रानी मेडिकल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त आवास विकास कालोनी योजना तीन निवासी हजारी प्रसाद मौर्य 65 पुत्र रघुनाथ प्रसाद मौर्य के रूप में हुई। आयुर्वेदिक कॉलेज से कुछ साल पहले रिटायर्ड हुए थे।

# रामलला के भव्य स्वागत की तैयारी घर-घर लहराया भगवा ध्वज

**शंकरगढ़।** 500 साल की प्रतीक्षा पूरी हुई। 22 जनवरी से हमारे आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अयोध्या विराजमान हो जाएंगे। रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर मन में उल्लास है। इस अवसर का स्वागत करने के लिए देशभर में अलग-अलग स्तर पर तैयारियां चल रही हैं।जनपद के यमुनापार में स्थित बारा और शंकरगढ़ भी रामलला के स्वागत में तैयार है। घर-घर भगवा ध्वज लहरा रहा है। रंगबिरंगी रोशनी से देवालय नहाए हुए हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को सुबह के वक्त शंकरगढ़ के पुरानी बाजार (आर्य समाज मंदिर) से एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। रोहित केसरवानी ने बताया कि शोभा यात्रा सदर बाजार, रामभवन चौराहा समेत अन्य मोहल्लों का भ्रमण करते हुए उद्गम स्थल पर संपन्न होगी। इसके पश्चात आर्य समाज मंदिर में भगवान श्रीराम,शिव और दुर्गा माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आर्य समाज मंदिर में तीन दिन से सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। दूसरी तरफ नगर पंचायत शंकरगढ़ के ईओ नवनीत कुमार ने बताया कि महिला अस्पताल प्रांगण में 22 जनवरी को सुबह से आठ घंटे का भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात एलआईडी स्क्रीन पर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण किया जाएगा, जबकि शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी क्रम में विंध्यवासिनी देवी मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। नगरवासियों ने कस्बे में स्थित सभी मंदिरों की साफ-सफाई कर उसे भव्य तरीके से सजाया है। मकान के छत, बारजे और दरवाजे पर भगवा ध्वज लहरा रहा है। सदर बाजार के मंदिर में सोमवार को आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम है। रामभवन चौराहा में सुंदरकांड पाठ,भंडारा और गुड़िया तालाब में भजन व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके अतिरिक्त रात में दीपोत्सव की भी तैयारी की गई है।

### आज निकलेगी शोभायात्रा, हवन-पूजन संग किया जायेगा प्रसाद वितरण



# कोसड़ा कला के पंचायत भवन का ताला तोड़कर सीसीटीवी कैमरा सहित लाखों का चोरी

### चोरों का सिलसिला जारी, एक दिन मंदीर से घंटा व दूसरे दिन दुकान से डायमो , तीसरे दिन ट्रैक्टर से बैट्री चोरी

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** मांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोसड़ा कला ग्राम पंचायत के पंचायत भवन का ताला तोड़कर सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, फोटो ग्राफ कैमरा, साउंड सिस्टम, पांच कुर्सी व ग्राम पंचायत संबंधी अभिलेख अज्ञात चोरों ने उठा ले गए। उधर गिरधरपुर में गुरुवार की रात्रि में मांडा खास निवासी जयशंकर प्रजापति के शिवालय मंदिर में बंधा घंटा को अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर लिया। वहीं दूसरे दिन शुक्रवार की रात्रि में गिरधरपुर गांव निवासी रमा कांत विश्वकर्मा की दुकान से दो जनरेटर डायमो मशीन को चोरो ने उठा ले गए। तीसरे दिन रविवार की रात्रि में जय शंकर प्रजापति के ट्रैक्टर से बैट्री चोरों ने उठा ले गए।उक्त जानकारी भुक्तभोगियों ने मांडा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर जांच करने की मांग की हैं। गिरधरपुर, मांडा क्षेत्र में चोरों का सिलसिला जारी होने से लोगों में दहसत बनी हुई है।



# कार्यकर्ता एकजुट होकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बनाएं सफल

**सहसों।** रुदापुर गांव स्थित हिन्दुस्तान गेस्ट हाउस में रविवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी फरवरी में राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आगमन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं प्रयागराज जोन के प्रभारी राजेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सामंजस्य स्थापित करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाएं। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार में एक ओर जहां देश की जनता बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार से त्रस्त है वहीं दूसरी ओर बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं निजी करण से किसान, मजदूर, व्यवसायी, महिलाएं, छात्र, नौजवान जूझ रहे हैं। परंतु अब समय आ गया है आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता इस सरकार को उखाड़कर फेंक देगी। उन्होंने कहा जनता का हित केवल कांग्रेस पार्टी में ही नीहित है। उन्होंने कहा बूथ स्तर से लेकर जनपद स्तर तक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठित होकर कर योजना तैयार कर लें। कार्यशाला को कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व छात्र नेता संजय तिवारी, प्रदीप कुमार मिश्रा अंशुमान, आशीष पाण्डेय, मो. हलीम अंसारी एवं इमरान ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। इस अवसर पर आई सी सी सदस्य अशफाक अहमद, योगेंद्र मिश्र, विनय पांडे, सलीमुद्दीन, राम किशुन पटेल, अमन मिश्रा भीम, अरुण तिवारी सहित जनपद स्तर के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूपीपीएससी किसी भी समय जारी कर सकता है पीसीएस का रिजल्ट

**प्रयागराज।** सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा-2023 की इंटरव्यू की प्रक्रिया को पूरा हुए आठ दिन बीत चुके हैं और अंतिम चयन परिणाम की उलटी गिनती भी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) किसी भी दिन परिणाम जारी कर सकता है।पीसीएस-2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दो मार्च 2023 को शुरू हुई थी। आयोग ने पीसीएस के 173 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था लेकिन प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने तक पदों की संख्या बढ़कर 254 हो गई। पीसीएस के 20 प्रकार के 254 पदों में से छह प्रकार के 104 पद ऐसे हैं, जिन पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होना है। वहीं, 150 पदों पर चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाना है। इन 150 पदों के लिए इंटरव्यू इस वर्ष आठ से 12 जनवरी तक आयोजित किए गए। इंटरव्यू में 451 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 448 अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल हुए थे। इंटरव्यू की प्रक्रिया को पूरा हुए आठ दिन बीत चुके हैं। अभ्यर्थियों को अब अंतिम चयन परिणाम का इंतजार है।

# महाकुंभ के पहले सूबेदारगंज स्टेशन का नाम प्रयागराज कैंट करने का प्रस्ताव

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रेलवे एवं संसद की स्थायी समिति की बैठक में सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन का नाम प्रयागराज कैंट किए जाने का प्रस्ताव एक बार फिर रखा गया। सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा कि महाकुंभ के पूर्व सूबेदारगंज स्टेशन का नाम प्रयागराज कैंट हो जाना चाहिए। क्योंकि अन्य शहरों के लोग सूबेदारगंज को नहीं जानते। प्रयागराज कैंट नाम होने से अन्य शहरों के लोग जान सकेंगे कि ट्रेन प्रयागराज जा रही हैमहाप्रबंधक रविंद्र गोयल की मौजूदगी में हुई बैठक में सांसद ने दिल्ली - कानपुर शताब्दी के प्रयागराज तक विस्तार, मुंबई-प्रयागराज दुरंतो को प्रतिदिन चलाने एवं प्रयागराज से पुणे होकर बंगलूरू के लिए सीधी ट्रेन चलाए जाने का सुझाव दिया। इसके अलावा पूर्वा एक्सप्रेस का फूलपुर स्टेशन पर ठहराव, सरयू एक्सप्रेस का दयालपुर स्टेशन पर ठहराव , सूबेदारगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाएं खानझपान की व्यवस्था बढ़ाने एवं सड़क के चौड़ीकरण, यात्री एवं व्यापारी सुविधाओं का निरंतर विकास के कई सुझाव दिये। बैठक में दौसा राजस्थान की सांसद जसकौर मीना ने महवा मंडावर स्टेशन पर गोमती नगर-जयपुर के ठहराव, कोच डिस्प्ले बोर्ड व वेटिंग हाल की मांग की। आगरा झबांदीकुई पैसेंजर ट्रेन के जयपुर तक विस्तार, आगरा-अजमेर इंटरसिटी एक्सप्रेस के बिवाई स्टेशन पर ठहराव, आगरा-बांदीकुई खंड में रेल लाईनों का दोहरीकरण का प्रस्ताव दिया। इसके पूर्व बैठक की शुरूआत में महाप्रबंधक रविंद्र गोयल ने सांसद केशरी देवी पटेल और सांसद दौसा जसकोर मीना को पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने रेलवे की कार्यप्रणाली में लाइन क्षमता की वृद्धि, यात्री सुविधाओं में सुधार, गाड़ियों के संरक्षित संचालन, कर्मचारी कल्याण आदि को लेकर किए गए कार्यों का ब्यौरा रखा। संचालन उप महाप्रबंधक रजत पुरवार व प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रभात रंजन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# 11 हजार दीपों से प्रकाशमय कर हनुमान भक्त एवं काशी के विद्वान करेंगे महाआरती

## सीताराम संग कीर्तन अखंड पाठ हनुमान मंदिर चिलबिला में प्रारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में चिलबिला स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर आज सीताराम संगकीर्तन का पाठ का शुभारंभ हो गया। मंदिर समिति के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने विधि विधान से पूजन कर सीताराम संगकीर्तन का अखंड पाठ का शुभारंभ कराया जो सोमवार को 11 बजे तक चलेगा। मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री हनुमान जी महाराज द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज 21 जनवरी को सीताराम संगकीर्तन का पाठ का शुभारंभ हो गया है जो 22 जनवरी को 11 बजे तक चलेगा। 11 बजे से एक बजे तक सभी भक्तों को अयोध्या में हो रहे प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके लिए एलइडी स्क्रीन लगवाई जा रही है। शाम 5 बजे 11 हजार दीपों से पूरा परिसर तालाब की सीडीओ को प्रकाशमय किया जाएगा। 6 बजे महा आरती होगी जो काशी से आ रहे विद्वान करेंगे। 7 बजे आतिशबाजी का कार्यक्रम भक्तों ने रखा है। 8 बजे प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम प्रभारी सुरेश अग्रवाल ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हनुमान मंदिर में होने वाले दीपोत्सव आरती में पांच-पांच दीपक लेकर आए और महा आरती में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने। कार्यक्रम में तन मन धन से लगे हनुमान भक्त सुरेश अग्रवाल, सूरज उमरवैश्य, रामगोपाल, सत्य प्रकाश केडिया, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, सोनू महाराज, शनि महाराज, आशीष कुमार, सूरज, आदर्श कुमार, देवानंद, संतोष कुमार, त्रिभुवन लाल, विवेक कुमार, अमन गुप्ता, श्याम बाबू, राकेश कुमार, विजय बाबू, प्रभात कुमार आदि उपस्थित रहे।



विद्युत झालरों से सजा प्राचीन हनुमान मंदिर।

### राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधानाचार्य की पुण्यतिथि आज

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधानाचार्य स्व. अशोक कुमार तिवारी की पुण्यतिथि सोमवार को मनाई जाएगी। बता दें कि स्व. श्री तिवारी को वर्ष 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ में मरीजों को फल और मिठाई वितरित की जाएगी। यह जानकारी ज्ञानेश तिवारी ने दी है।

### रिजनल एग्रीकल्चर मेला तीन फरवरी से

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि रिजनल एग्रीकल्चर मेला 03 से 05 फरवरी 2024 तक आईसीएआर-आईआईवीआर वाराणसी में सब्जियों की नयी-नयी प्रजातियों को उगाने हेतु एग्रीहार्टिकल्चर प्रोडक्सन/प्रोटेक्शन तकनीकियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने हेतु रिजनल एग्रीकल्चर मेला आयोजित किया जा रहा है। आयोजित होने वाले किसान मेले में जनपद के कृषक अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर सब्जियों की नयी-नयी प्रजातियों को उगाने हेतु तकनीकी जानकारी प्राप्त करें।

# नगर के सभी बस्तियों में निकाली गई प्रभात फेरी

## प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति के पदाधिकारी हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में जिले के सभी खंडों में एवं एवं नगर के सभी बस्तियों में प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें अनेक राम भक्त शामिल रहे। नगर में शिव बस्ती में भव्य झांकी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही।

बता दें कि पूरे जिले में लगभग 1369 मंदिर चिन्हित किए गए हैं, जहां पर 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिरों पर कार्यक्रम संपन्न करने के लिए राम भक्त आज अपनी तैयारी पूरी कर लिए। सभी मंदिरों पर प्रातः काल से ही सुंदरकांड का पाठ हनुमान चालीसा का पाठ विजय मंत्र का पाठ भजन कीर्तन आदि आध्यात्मिक कार्यक्रम दिन में संपन्न किए जाएंगे। तथा चलचित्र एवं तकनीकी माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। 22 जनवरी 2024 को सायंकाल सभी राम भक्त अपने-अपने घरों में अपने-अपने प्रतिष्ठान पर दीपोत्सव जैसा उत्सव मनाएंगे। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के सभी कार्यकर्ता जिले नगर के मंदिरों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु संपर्क अभियान में लगे हुए हैं। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद तथा लाखों लोगों के प्राण की आहुति देने के बाद आज गौरव का क्षण है कि हम सब के समक्ष भगवान श्री राम अपने घर में बिराजने वाले हैं। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अभियान के जिला संयोजक राजन ने दिया। इस पूरे अभियान को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी, विभाग प्रचारक प्रवेश, विभाग कार्यवाह हरीश कुमार, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के घुमंतू कार्य प्रमुख शशि भाल आदि मौजूद रहे।



बस्ती में प्रभात फेरी में शामिल समिति के पदाधिकारी।



शकरदहा में आयोजित बैठक में बोलतीं सिंधुजा मिश्रा सेनानी।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का हो रहा सर्वांगीण विकासः सिंधुजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी की गारंटी के साथ शकरदहा, कुंडा में सिंधुजा मिश्रा सेनानी एडवोकेट विधानसभा कुंडा पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रतापगढ़ रहीं। इस दौरान सिंधुजा मिश्रा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारंटी के साथ प्रधानमंत्री की इस बात की भी तारीफ की कि उन्होंने एक सच्चे राम भक्त की तरह भगवान की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये उत्साहित है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश के सभी नागरिकों के उत्थान के लिये संकल्पित हैं, जिसको कुछ विपक्षी भ्रामक प्रचार कर रहे हैं जिसको जनता अच्छी तरह से समझती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा राजन, मंडल महामंत्री शकरदहा राघवेंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक अधिकारीगण ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजय सिंह फौजी ने किया।

# 26 केन्द्रों पर दोनों पालियों में 17620 परीक्षार्थियों ने दी सीटेट की परीक्षा

## दिल्ली से आई पांच सदस्यीय टीम की देखरेख में कड़ी सुरक्षा में हुई परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज जनपद के 26 परीक्षा केन्द्रों पर सीटेट की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई जिसमें पहली बेला में 26 परीक्षा केन्द्रों पर पंजीकृत 12780 परीक्षार्थियों में 11560 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 1220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय बेला में 6773 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें केवल 713 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए और 6060 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

बता दें कि जिले के 26 केन्द्रो पर प्रथम पाली में और 17 केन्द्रों पर द्वितीय पाली में सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। न्यू एन्जिल्स सी.से. स्कूल को परीक्षा कराने के लिये नोडल सेन्टर बनाया गया और प्रधानाचार्य बी के सोनी सिटी कोर्डिनेटर नियुक्त किये गये प्रश्न पत्र वितरण संगम इण्टर नेशनल स्कूल से किया गया जब कि ओ एम आर संकलन केन्द्र न्यू एंजिल्स सी .से स्कूल कटरा रोड प्रतापगढ़ ही रहा। जिले में सी टेट परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सीबीएसई न्यू दिल्ली से 5 सदस्यीय समिति आई थी। बता दें कि नोडल सेंटर न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल कटरा रोड में हुई जिसमें 26 विद्यालयों के प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक और कुल 37 आब्जर्वर उपस्थित रहे। 13 आबजरवर जनपद प्रतापगढ़ के और 24 दूसरे जिलों से आये थे। सभी विद्यालय के केन्द्र व्यवस्थापक अपनी पुलिस टीम के साथ प्रश्न पत्र वितरण केन्द्र पहुंचें और अपने अपने परीक्षा केंद्र को रवाना हुए। इस बार जो विशेष बात देखने को मिली वह थी सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक अटेन्डेन्स की व्यवस्था। विकलांग परीक्षार्थियों को एक ही कक्षा में बैठने की व्यवस्था की गयी थी उनके क्रमांक उसी प्रकार से सेट किये गये थे। न्यू एंजिल्स सी.से.स्कूल परीक्षा केन्द्र संख्या 222026 की परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक श्री राज कमल सिंह और आब्जर्वर कु. पूजा श्रीवास्तव, डिप्टी सी एस विवेक ओझा और राजेन्द्र कुमार मिश्रा, तीन क्लर्क और 46 कक्ष निरीक्षकों ने मिलकर सफलतापूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराया। प्रथम पाली में कुल 540 परीक्षार्थी आबंटित हुए थे जिसमें 504 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और द्वितीय पाली में भी कुल 540 परीक्षार्थी आबंटित किये गये जिसमे कुल 498 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी केन्द्र व्यवस्थापकों और आब्जर्वरस ने परीक्षा सम्बन्धी सभी दस्तावेजों को संकलन केन्द्र न्यू एंजिल्स में सीबीएसई के अधिकारियों को हस्तांतरित किया। इस परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था देख रही प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि यह सीटेट की परीक्षा दिल्ली से आई पांच सदस्यीय टीम ने कराया है। इन्हीं के निर्देशन में यह परीक्षा सुचारु रुप से दोनों पालियों में सम्पन्न हुई।



न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

# तहसीलों में आपदा मित्रों का होगा चयनः एडीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि मुख्यमंत्री आपदा मित्र योजना के तहत जनपद में तहसीलवार राज्य आपदा मोचक निधि से प्रत्येक तहसील में 20-20 (16 पुरूष एवं 04 महिला) आपदा मित्र परियोजना संचालित/क्रियान्वित किये जायेगें जिसमें जनपद से कुल 100 आपदा मित्र का चयन किया जायेगा एवं आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जनपद स्तर पर वॉलन्टियर्स के चयन हेतु अनिवार्य अर्हताएं एवं निर्धारित मानक के सम्बन्ध में बताया है कि आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, पूर्व सेना अधिकारी, सेवानिवृत्त चिकित्सा कर्मियों, इंजीनियरों के लिये आयु में अधिकतम 35 वर्ष की छूट दी जा सकती है, सम्बन्धित जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है, न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य ठीक हो, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र अनिवार्य है। एनवाईकेएस, एनसीसी, एनएसएस और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के कम से कम 50 प्रतिशत स्वयंसेवकों की भागीदारी अनिवार्य होगी। शेष 50 प्रतिशत स्वयंसेवकों के चयन में पूर्व सैनिकों, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के कर्मियों को प्राथमिकता दी जा सकती है। प्रशिक्षित किये जाने वाले कुल स्वयंसेवकों में से 80 प्रतिशत पुरूषों तथा 20 प्रतिशत महिला स्वयंसेवकों की भागीदारी अनिवार्य है। आपदा प्रबन्धन एवं बचाव कार्यो में अनुभव प्राप्त स्वयंसेवकों को वरीयता प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थी आपदा मित्र के पद हेतु सम्बन्धित तहसील/जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण प्रतापगढ़ से सम्पर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।

# लवाना भवानीगंज बाजार मे ब्यापारियो ने निकाली प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा

## जगह जगह शोभा यात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का समय जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे कुंडा तहसील सहित मानिकपुर, आलापुर, परियावां, लवाना भवानी गंज बाजार मे समुचा क्षेत्र केसरिया झंडो में तब्दील हो गया।

श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर परियावां माता मैया धाम मे प्रभु राम दरबार मे सरार्फा ब्यापारी के युवा सोम सोनी व सहयोगी द्वारा अखंड रामायण का पाठ रविवार की सुबह से शुरू किया वही मंदिर परिसर मे बने श्री राधा कृष्ण की नव निर्मित भवन मे शास्त्री ने वेदो मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन कर प्राण प्रतिष्ठा के साथ सम्पन्न कराया जिसमे यजमान लक्ष्मी नमकीन भंडार परियावा व राजू गुप्ता व धर्मपत्नी रही। प्राण प्रतिष्ठा व अखंड रामायण के समापन पर सोमवार को प्रभु श्रीराम के 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन लक्ष्मी नमकीन भंडार की तरफ से किया गया है। परियावां माता मैया धाम परिसर में एक साथ दो दो कार्यक्रम के शुभारंभ होने से समुचा क्षेत्र प्रभु श्रीराम व राधे कृष्ण से गुंजयमान होता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में लवाना भवानी गंज बाजार में व्यापारियों ने प्रभु श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा गाजा बाजा के साथ निकाली जो नौलखा मंदिर से आरा मशीन, शंकर नगर, बजरंग नगर, नई बस्ती, मोहन मथुरा, श्यामनगर, चैराहा लवाना भवानीगंज, हलचल मार्केट, चरपुरवा, शेषपुर धनापुर होते हुए वापस नौलखा मंदिर पहुंची जिसका नेतृत्व पुजारी आलोक पांडे के साथ संतोष केसरवानी, विभांश बंगाली, रिसभ केसरवानी, रोहित कसेरा, कृष्ण कुमार कसेरा, महेंद्र पटेल, गोपाल सोनी, हिमांशु मौर्या, रमेश, गोलू केसरवानी आदि लोग शामिल रहे। शोभा यात्रा के साथ लवाना चैकी के पुलिस कर्मी साथ में मौजूद रहे। इसी प्रकार नवाबगंज थाना क्षेत्र के मां भवानी धाम मंदिर कमेटी जनवामऊ में प्रभु श्रीराम की अयोध्या मे 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम चरित्र मानस का अखंड पाठ का आयोजन किया गया जिसके समापन पर 22 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक कोटेदार सत्यम सिंह जनवामऊ, आशीष जायसवाल, राजाराम जायसवाल, सुशील कुमार सिंह शिक्षा मित्र व सहयोगी मित्रगण रहे।



लवाना में शोभा यात्रा में शामिल व्यापारी युवा वर्ग।

### गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा, राम भक्तों में उत्साह

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अयोध्या में सोमवार को होने वाली भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा और अयोध्या में श्री राम मंदिर के शुभारंभ के ठीक पहले रविवार को पट्टी नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गईए जिसमें सभी नगरवासी डीजे पर बजट राम की धुन पर नाचते गाते दिखाई दिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह की अगुवाई में यशोभूम यात्रा चमन चैक पट्टी से प्रारंभ की गई जो की पट्टी चैक से होते हुए ढकवा मोड पर स्थित गायत्री मंदिर से होते हुए हनुमान मंदिर फिर राम जानकी मंदिर पर समापन हुआ जिसमें पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल पवन खंडेलवाल जुग्गीलाल जायसवाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने बताया कि भगवान पुरुषोत्तम श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा सभी सनातनी भाइयों के लिए गौरव का विषय हैए श्री राम की मंदिर की स्थापना के बाद अब राम भक्तों के लिए मंदिर का द्वार खुल जाएगा।

### ग्राम प्रधान पति की माता का आकस्मिन निधन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बाजिद्पुर के वर्तमान ग्राम प्रधान मालती देबी पत्नी वृंदावन वर्मा की सास सुरसती पत्नी स्व0 रामसेवक वर्मा (85) वर्षीय की रविवार को ह्रदयगति रुक जाने से अचानक मौत हो गयी मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया जिनका अंतिम संस्कार बारह बीघा कोटरा बहादुरगज गंगाघाट पर किया गया जिसमे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एव जनसत्तादल के ब्लाक कालाकांकर के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी व बीडीसी डा सतपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार मे लोग शामिल रहे।

### जीआरपी और आरपीएफ ने चलाया चेकिंग अभियान

**प्रतापगढ़।** 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी के मद्देनजर मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन और रोड साइड के रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी और आरपीएफ की जॉइंट टीम ने सुरक्षा और संरक्षा की दृष्टि से चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसी के क्रम में रविवार को एसओ जीआरपी देवेंद्र सिंह और एसआई वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने स्टेशन पर यात्रियों और ट्रेनों की चेकिंग की, जो भी संदिग्ध दिखा। उसको थाने पर ले जाकर कड़ाई से पूछताछ की गई। सकुर्लेटिंग एरिया में खड़े होने वाले वाहनों को सचेत किया गया। एसओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया गया।

# खंड विकास अधिकारी नही मानते एसडीएम का आदेश

## किसानों की फसल पर आवारा पशुओं का लगा ग्रहण, गोशाला भेजने में नही दिखा रहे है रुचि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम के आदेश के बाद भी बीडीओ द्वारा आवारा पशुओं को गोशाला भेजने की कोई भी सार्थक पहल होते हुए नहीं दिखाई दे रही है। किसानों की फसल पर पशु रूपी लगे ग्रहण से निजात नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के लोग परेशान है लेकिन समस्या की तरफ कोई भी अधिकारी संजीदा नही दिखाई दे रहा है।

स्थानीय विकास खंड में आवारा पशुओं का आतंक इस कदर है कि मानो किसानों की फसल पर ग्रहण सा लग गया हो। छुट्टा जानवरों की वजह से किसानों को कड़ाके की ठंड में रात-दिन खेत की रखवाली करनी पड़ रही है। समस्या के निजात के लिए लोग एसडीएम से कई बार शिकायत भी कर चुके है ।वह आवारा पशुओं को गोशाला भेजने के लिए बीडीओ को कहा भी है। वहीं खंड विकास अधिकारी भी खुद को कम नहीं आंकते है,तभी तो एसडीएम के आदेश के बाद भी आवारा मवेशियों को गोशाला भेजवाने में कोई भी रुचि नहीं दिखा रहे है। ग्रामीणों की माने तो उन्होंने ने बीडीओ से भी कई बार समस्या के निजात के लिए आग्रह किया, लेकिन किसानों की समस्या को सुनकर भी अनसुना करना उनकी आदत सी बन गई है। परेशान किसान खुद के खर्च पर गोवंशो को गोशाला ले जाता है तो वहां तैनात लोग गोशाला की क्षमता पूरी होने की बात कहकर वापस कर देते है। अब इस दशा में परेशान किसानों की मदद कौन करे? वहीं इस संबंध में बीडीओ लालगंज से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई भी जवाब देना उचित नहीं समझा।



क्षेत्र में खुले में घूम रहे आवारा पशु।

# जिले में शीतलहर से बचाव के लिये जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि शीतलहर से बचाव हेतु एवं इस मौसम में खान-पान विशेष ध्यान विषयक तैयारियों के दृष्टिगत जनपदवासियों के लिये शीतलहर से बचाव से सम्बन्धित एडवाइजरी जिसमें क्या करें क्या न करें की जानकारी जिला प्रशासन द्वारा जारी की जा रही है जिसके माध्यम से जनपद में अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को वर्तमान में शीतलहर से राहत एवं बचाव की जनजागरूकता आवश्यक है।

उन्होने बताया है कि सम्भव हो तो अधिक से अधिक घर के अंदर रहें। जांच ले कि आपके पास पर्याप्त सर्दियों के कपड़े है। मौसम और आपातकालीन प्रतिक्रिया की जानकारी के लिये सभी मीडिया स्त्रोतों के माध्यम से निगरानी रखें। अपने पड़ोस में रहने वालों पडोसियों की जानकारी कर लें, जो अकेले रहते है खासकर बुजुर्ग। सुनिश्चित करें कि आपातकालीन आपूर्ति आसानी से सुलभ हो। सम्भव हो तो आवश्यकतानुसार केवल एक कमरे का उपयोग करें-एक आंतरिक कमरा या मार्ग, जिससे कमरे का तापमान व्यवस्थित और गर्म हो।

नियमित गर्म पेय पदार्थ का सेवन करें ये ठंड से लड़ने के लिये शरीर की गर्मी बनाए रखेगा। यदि बिजली नहीं रहती है तो फ्रीज का दरवाजा ठीक तरह से बंद रखने पर फ्रीजर 48 घंटे तक भोजन संरक्षित करेगा। सुनिश्चित करें कि पर्याप्त मात्रा में कपड़े पहने जायें-कपड़ों के कई परतें एक मोटी परत से बेहतर होती है। टोपी और मफलर शरीर की गर्मी को बनाये रखने में मदद करती है। जहरीले धुएं से बचने के लिये मिट्टी के हीटर या कोयले के ओवन का उपयोग करते समय उचित वेंटिलेशन बनाए रखें। शरीर को गर्मी प्रदान करने के लिये स्वस्थ भोजन खाएं एवं पीने के लिये गैर मादक पेय पदार्थ का प्रयोग करें। शीतदंश के लक्षणों शरीर के अंगो के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरों, कान एवं नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि दिखने पर होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें। हाइपोथर्मिया (शरीर के असामान्य तापमान) के लक्षण जैसे याददास्त का कमजोर पड़ना, असीमित ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना तथा कार्य में भटकाव इत्यादि के लक्षणों महसूस होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें। पशुपालक अपने पशुओं को सुरक्षित स्थल पर रखें, जहां पर ठण्ड एवं शीतलहर का प्रभाव कम से कम हो। किसी भी सहायता के लिये एम्बुलेन्स 108, पुलिस 112, राहत आयुक्त कार्यालय 1070 के नम्परों पर सम्पर्क करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मां-बेटे की मौत, बहन-भांजा घायल

**अखंड भारत संदेश**

## खागा कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग अमांव गांव के बाजार के पास बाइक सवार हुए हादसे के शिकार







**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बा निवासी मां बेटे की खागा कोतवाली क्षेत्र के अमाव के पास सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है इस हादसे में युवक की बहन और भांजे गंभीर रूप से घायल है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शव को कब्जे में लेकर खागा कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 6 कृष्ण नगर निवासी बराती लाल के इकलौते पुत्र दीपू उम्र लगभग 24 वर्ष अपनी बहन की ससुराल रतिराम पुर थाना हथगाम से बहन पारुल और उसके 4 वर्षीय मासूम पुत्र और अपनी माता सुमित्रा उम्र 50 वर्ष को अपनी बाइक में बिठाकर रविवार को वापस घर अझुवा आ रहा था जैसे ही बाइक सवार खागा कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग अमांव गांव के बाजार के पास पहुँचे अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में भीषण टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े हादसे में नवयुवक दीपू यादव और उसकी माता सुमित्रा देवी की मौके पर ही तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई बाइक में पीछे बैठी बहन पारुल और उसका मासूम पुत्र घायल हो गए मौके पर रहे राहगीरों ने घायल पारुल और उसके मासूम बेटे को सिराथू अस्पताल भेज दिया वहीं खागा कोतवाली पुलिस ने मां बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जैसे ही यह दुखद सूचना नगर पंचायत अझुवा परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिजन और पड़ोसी घटनास्थल पहुंच गए हैं बराती लाल के 4 पुत्रियां है जिनमे 3 पुत्रियों की शादी हो गई थी।बराती लाल खुद गंभीर बीमार चल रहा है।बराती लाल के एक ही पुत्र था। पुत्र और पत्नी की मौत से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

## बाइक सवारों को लग्जरी कार ने मारी टक्कर ससुर दामाद लहूलुहान

**ओसा कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चपरी आम के पास बाइक सवार ससुर दामाद को लग्जरी कार ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार ससुर दामाद दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े हैं आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने प्रयागराज के अस्पताल में रेफर कर दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं।जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ओसा निवासी हरि ओम पुत्र मेवा लाल अपने दामाद कुलदीप गुप्ता पुत्र राम बहोरी निवासी अँधावा के साथ रविवार को दोपहर बाद ओसा चौराहे से बाइक से वापस अपने गांव ओसा जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार ससुर दामाद ओसा के चपरी आम के पास पहुंचे अज्ञात लग्जरी कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया है जिससे हादसे में ससुर दामाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसा देखकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग जाए मामले की सूचना पुलिस एवं एंबुलेंस को दी गयी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया क्या है जहां हालत गंभीर बताई जाती है।

## अतिरिक्त अनुदान प्रदान कर सरकार द्वारा सिंचाई हेतु स्थापित कराये जा रहे हैं सोलर पम्प

**कौशाम्बी।** कृषकों को भारत सरकार की योजना ₹प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी०एम० कुसुम)₹ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अतिरिक्त अनुदान प्रदान कर सिंचाई हेतु अनुदान पर सोलर पम्प स्थापित कराये जा रहे हैं, जिसके अनुरक्षण एवं मरम्मत हेतु राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा के अधीन राज्य स्तरीय फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) पर उ०प्र० कौशल विकास मिशन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-रफ्तार के अन्तर्गत ₹सोलर पंप की स्थापना / अनुरक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण योजना₹ अन्तर्गत सोलर पम्प मैकेनिकों का प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को सोलर माड्यूल, सरफेस पम्प, सबमर्सिबल पम्प एसीडीसी) के व्यावहारिक संचालन का प्रशिक्षण देकर तकनीकी दक्षता व कार्य कुशलता में वृद्धि करते हुए प्रत्येक तहसील स्तर पर एक कुशल एवं दक्ष सोलर मैकेनिक तैयार करनें का लक्ष्य रखा गया है। योजनान्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण कुल 40 कार्य दिवसों का होगा। योजनान्तर्गत प्रशिक्षणार्थी इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रानिक / फिटर ट्रेड में 2 वर्षीय आई०टी०आई० अथवा इंजीनियरिंग में 03 वर्षीय डिप्लोमा एवं प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान मिड-टर्म एवं प्रशिक्षण उपरान्त एक अन्तिम परीक्षा ली जायेगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को ही प्रमाण-पत्र व निःशुल्क टूल किट्स उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को अवकाश देय नहीं होगा। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण में भाग लेनें वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में निःशुल्क रहनें एवं खानें की व्यवस्था संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिक्षुओं को मार्ग व्यय स्वयं वहन करना होगा। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपना आवेदन 31.01.2024 सांय 5 बजे तक उप कृषि निदेशक कार्यालय में स्वयं अथवा डाक के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कौशांबी पुलिस अलर्ट



**कौशाम्बी।** अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कौशांबी पुलिस अलर्ट हो गयी रविवार को पूरे जिले में पुलिस टीम ने व्यापक चेकिंग किया है पुलिस अधिकारी भी वाहनों की चेकिंग के लिए सड़क पर उतर आए हैं। मंझनपुर मुख्यालय के मुख्य चौराहा सहित पूरे जिले के कस्बा नगर चौराहे पर स्थानीय थाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी ने पुलिस टीम के साथ अभियान चला कर वाहनों की सघन जांच पड़ताल चेकिंग की अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले की पुलिस सड़कों पर उतर आई है और व्यापक पैमाने पर वाहनों की चेकिंग की है मंझनपुर चौराहे पर क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस के जवानों ने रविवार की शाम से व्यापक पैमाने पर वाहन चेकिंग शुरू कर दिया है जो देर रात तक चलता रहा इसी तरह अन्य सर्किल क्षेत्र में भी क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में थाना पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की है पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक वाहनों की चेकिंग के लिए सड़क पर उतर आए हैं और वाहनों की व्यापक चेकिंग की गई है जिससे वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा शासन के निर्देश के बाद पुलिस टीम द्वारा वाहनों को रोक-रोक कर वाहनों की तलाशी ली गई है लग्जरी वाहनों के साथ-साथ सरकारी और प्राइवेट बसों की भी पुलिस टीम ने चेकिंग की।

## जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एसपी के निर्देशन में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



**कौशाम्बी।** जनपद अयोध्या में निमार्णाधीन श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा/उद्घाटन कार्यक्रम तथा गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद में कानून शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना व चौकी के पुलिस बल द्वारा जनपद से अयोध्या जाने वाले मार्गों भीड़-भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों हाइवे टोल प्लाजा होटल ढाबों रेलवे स्टेशनों बस स्टेशन आदि स्थानों पर एवं प्रमुख चौराहों आदि पर बेरिकेड लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही है एवं अराजक तत्वों की निगरानी की जा रही है। इसी प्रकार सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट/सामग्री के विरुद्ध निरंतर सतर्क दृष्टि रखते हुए निगरानी की जा रही है।

# विजिया चौराहा के व्यापारियों ने निकाली शोभा यात्रा



**कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना अन्तर्गत भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर विजिया चौराहा से ऐतिहासिक कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम जोटका कौशाम्बी तक विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में विजिया चौराहा के समस्त व्यपारी बंधु और क्षेत्रवासियों के सहयोग से 21 जनवरी रविवार को भव्य शोभा यात्रा विजिया चौराहा से कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम तक निकाली गई जिसमे राम भक्त भक्ति गानों के साथ भगवान श्री राम के जयकारों से पूरा नगर गुंजमान रहा यात्रा के पीछे पीछे राम भक्तो ने प्रसाद वितरण करते हुए राम भक्तों ने यात्रा सफल बनाया 22 जनवरी सोमवार को कौशबेश्वर संकट मोचन आश्रम में सुंदरकांड का पाठ और प्रसाद वितरण किया जायेगा कार्यक्रम के संयोजक राजू केशरवानी रोहित मिश्र कौशिक अग्रहरि जय मां भवानी जरनल स्टोर अजय अग्रहरि वैष्णव किराना स्टोर प्रद्युम अग्रहरि रिंकू ट्रेडर्स के प्रो. रिंकू केशरवानी हिसामबाद वाले जगत नारायण अग्रहरि सुभम केशरवानी मोहन लाल सेन सुभम दुबे विनोद मिश्रा वीएचपी संजय शुक्ला कैलाश अग्रहरि मनीष कुमार अग्रहरि राहुल अग्रहरि विकास अग्रहरि विजय पाल विनय पाल गुरु दयाल नत्थू अग्रहरि सहित समस्त विजिया चौराहा कौशाम्बी के समस्त व्यापारी बंधु एवं क्षेत्रवासी सम्मलित रहे।

### आज होगा सुन्दरकाण्ड पाठ का होगा भव्य आयोजन

## दबंग ने युवक को पीटा थाने में की शिकायत

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहिद्दीनपुर गौस गांव में एक युवक को दबंग ने केवल इस बात के लिए बुरी तरह से पीट दिया क्योंकि युवक के पड़ोस की एक महिला ने दबंग की पत्नी को अपने खेत से हरा चारा सरसो उखड़ने के लिए उलाहना दिया था। दबंग युवक का कहना है की महिला को तुमने बताया की उसकी पत्नी तुम्हारे खेत से सरसो उखाड़ कर ले गई। जानकारी के मुताबिक झल्लर पुत्र स्व० मोती लाल निवासी ग्राम मोहिद्दीनपुर गौस ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को लिखित शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि उसके ही गांव का रहने वाला सुभाष पुत्र इन्द्रराज ने उसे इस बात के शक में बेरहमी से लात घूसा से जमकर पीट दिया की उसकी पत्नी की शिकायत झल्लर ने अपने पड़ोस के खेत के मालकिन नरेश की मां से की है की सुभाष की पत्नी तुम्हारे खेत से सरसो उखाड़ कर ले गई । इसी खुन्नस में दबंग सुभाष ने नरेश को जमकर पीट दिया जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी और बताया की सुभाष दबंग किस्म का आदमी है और उसने उसे गोली मार कर जान से मार डालने की धमकी दी है साथ ही बताया की उसके पास देशी कट्टा है जिसे वह लेकर घूमता है। झल्लर और उसके परिवार वाले इस बात से डरे सहमे है। झल्लर की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

## पंचायत सचिव का आदेश नहीं मानते सफाई कर्मचारी

**कौशांबी।** प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश के मंदिरों में साफ सफाई करने का निर्देश योगी सरकार ने अधिकारियों को दिया था इसी निर्देश के क्रम में 13 जनवरी को पंचायत सचिव खंड विकास कार्यालय मूरतगंज ने निर्देशित करते हुए क्षेत्र के मंदिरों में साफ सफाई करने के लिए सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई थी लेकिन 13 जनवरी के इस आदेश के बाद 20 जनवरी की देर रात तक मंदिर की सफाई करने सफाई कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे हैं सफाई कर्मियों की लापरवाही और पंचायत सचिव की उदासीनता के चलते मंदिरों की सफाई न होने से 22 जनवरी श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों को कैसे खूबसूरत तरीके से सजाया जाएगा कैसे योगी सरकार के आदेश का पालन होगा पंचायत सचिव द्वारा आदेश जारी किए जाने के 8 दिन बीत जाने के बाद भी मंदिरों की सफाई नहीं हो सकी है जिससे सफाई कर्मियों की मनमानी और तानाशाही का अंदाजा लगाया जा सकता है लापरवाह सफाई कर्मियों के मंदिरों की सफाई न किए जाने के 8 दिन बाद भी पंचायत सचिव और खंड विकास अधिकारी मूरतगंज ने सफाई कर्मियों को निलंबित कर दूसरे सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाकर मंदिर की सफाई कराने का जिम्मा नहीं उठाया है जिससे पंचायत सचिव और खंड विकास अधिकारी मूरतगंज की भी लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह योगी सरकार के निदेर्शों को पालन करने में कितने लापरवाह है योगी सरकार के निर्देश के बाद भी खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज के पंचायत सचिव द्वारा जारी किया गया आदेश केवल हवा हवाई साबित हुआ है जिससे पंचायत सचिव और खंड विकास अधिकारी मूरतगंज की उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है योगी सरकार के निर्देश के बाद आदेश जारी कर सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने के बाद 20 जनवरी की देर रात तक मंदिरों की सफाई न किए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया तो पंचायत सचिव और खंड विकास अधिकारी मूरतगंज की मुश्किल बढ़ना तय है।

# भगवान राम के मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा भारत के हर नागरिक का गौरव : अवधेश नारायण शुक्ला

### नारा कस्बे ने निकाली भव्य शोभा यात्रा हजारों लोग ने किया सहभागिता उत्साह में लोगों ने नाचते गाते हुए निकली शोभा यात्रा



**कौशाम्बी।** भगवान राम के मंदिर को आताताइयों के द्वारा तोड़े जाने के 500 साल बाद आज वह समय आया है जब 22 जनवरी को मंदिर में प्रतिष्ठित हो रही है यह भारत के हर नागरिक का सौभाग्य है कि भारत की पहचान प्रभु श्री राम को पुनः स्थापित किया जा रहा है। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने नारा गांव में आयोजित भव्य श्री राम शोभा यात्रा के दौरान बोलते हुए कही। इस मौके पर बोलते हुए हिंदूवादी नेता वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी ने कहा कि इस मंदिर के लिए शताब्दियों में सनातन के मानने वालों ने भगवान राम के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है तब आज वह दिन देखने को मिल रहा है कि भगवान श्री राम की मंदिर में उन्हें प्राण प्रतिष्ठत की जा रही है। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अभी भगवान श्री राम के मंदिर के साथ के हजारों ऐसे मंदिर जिसे आक्रांताओं ने तोड़ दिया था और आज भी उनकी पहचान हिंदू मंदिर के रूप में है उन्हें पुनः बनवाने के लिए इस मंदिर के साथ रास्ता खुल गया है। यात्रा में हजारों की संख्या में स्त्री पुरुष उत्साह के साथ शामिल थे जिन्होंने इस शोभायात्रा में नाचते गाते हुए यात्रा निकली यात्रा के दौरान गांव के सभी मंदिरों में साफ सफाई कर पूजा पाठ किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पांडेङ्नीरज मोदनवाल प्रकाश दुबे शिखर मिश्रा सर्वेश पटेल पंकज यशवंत सिंह हर्षित खेरवा शिवम पांडे पुष्पेंद्र श्यामू लोधी प्रीतम सिंह राधेश्याम साजन लोधी बृजेश मौर्य अतुल गोविंद साहित दर्जनों की संख्या संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## व्यापारी बंधुओ ने निकाली शोभा यात्रा

**कौशाम्बी।** चायल कटरा चौकी अंतर्गत भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर कटरा चौराहे से ऐतिहासिक कटरा गांव के भोले बाबा के मंदिर तक समस्त व्यापारी बंधु और क्षेत्रवासियों के सहयोग से 21 जनवरी रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे सर्व प्रथम ग्राम प्रधान तीरथ सिंह ने भगवान राम का पूजन करके यात्रा की शुरूआत कि तत्पश्चात पूर्व प्रधान संगम लाल मिश्र एवम पूर्व प्रधान सुनीता देवी ने पूजन करके यात्रा को आगे बढ़ाया जिसमे भक्ति गानों के साथ साथ भगवान श्री राम के जयकारों से पूरा चौराहा गूंज रहा था यात्रा के पीछे पीछे राम भक्त नाचते गाते रहे शोभा यात्रा कटरा चौराहे के बाद कटैनी गांव में समाप्त की गई ग्राम सभा बसुहार के सभी मंदिरों में 22 जनवरी सोमवार को दोपहर में सुंदरकांड का पाठ और प्रसाद वितरण किया जाएगा इस दौरान संगम लाल मिश्र कैलाश मिश्र सुनीता देवी उमेश केशरवानी दुर्गेश नंदन मिश्र राज नाथ सोनी राजेश यादव गोपाल केशरवानी युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता पिंटू गुप्ता सुनील केशरवानी रंजित पाल जैस गुप्ता राजेश कुमार मिश्र एंव समस्त व्यापारी बंधु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### गांव खेत खलिहान किसान नवजवान की आवाज बुलंद करेगी सकिपा : अजय सोनी

**समर्थ किसान पार्टी की ग्राम अदमापुर में संपन्न हुई चौपाल**



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे सिराथू ब्लॉक के ग्राम अदमापुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया चौपाल में अदमापुर के तमाम ग्रामीण शामिल हुए और अपनी अपनी समस्या बताई। सबसे ज्यादा शिकायत पानी निकासी के लिए नाली निर्माण और सड़क निर्माण के लिए लोगों मांग की। इस मौके पर समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि मेरे द्वारा जनहित में जो भी प्रयास हो सकेगा मै उसे करूंगा आगे कहा कि समर्थ किसान पार्टी गांव खेत खलिहान किसान नवजवान की आवाज बुलंद करेगी। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से सकिपा गांव गांव ग्रामीणों से सीधे जनसंपर्क कर रही है और ग्रामीण अंचल की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज बुलंद करने का काम कर रही है। इस मौके पर यशोदा यादव राम शरण यादव कल्लू लोधी रामचंद्र प्रजापति विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### नगर पंचायत चरवा में गरीब कमजोर लोगों को अध्यक्ष ने दिया कम्बल



**कौशाम्बी** कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पंचायत चरवा में बड़े पैमाने पर गरीब कमजोर जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण अध्यक्ष नगर पंचायत चरवा जग नारायण पासी द्वारा रविवार को किया गया है कम्बल वितरण किए जाने की जानकारी मिलते ही गरीब कमजोर जरूरतमंद लोगों की सुबह से ही भीड़ लग गई अध्यक्ष द्वारा सैकड़ो लोगों को कंबल दिया गया है कंबल पाकर गरीब कमजोर जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई पड़ी है नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष ने कहा कि लोगों को ठंड में देखते हुए कंबल वितरण किया गया।

### अंग्रेजी दवा से एक बीमारी ठीक होती है तो दूसरी बीमारी हो जाती है पैदा

**कौशांबी** मंझनपुर म्योहार गांव के यश हॉस्पिटल में किजारा आयुर्वेद औषधी के टाप लीडर




डॉक्टर जे के सिंह अपनी पूरी टीम के साथ लोगो को जागृत करते हुए अपनी औषधी दे कर स्वस्थ करने का बीड़ा उठा रखा है डॉक्टर जे के सिंह का कहना है हमारे यहां बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज किया जाता है हम लोग गठिया, बाई , सुगर,दमा,किडनी ,कैशर, बांझपन ,सर्दी, जुखाम, बुखार,दांत दर्द,बवासीर बहरापन एवम अन्य बीमारियों का सफल इलाज करते है आज की दुनिया में खान पान से अनेकों बीमारियां होती है जिसके कारण हमारे देश के लोगो को बड़ी से बड़ी बीमारी का शिकार होना पड़ता हैं लोग अंग्रेजी दवा करके ठीक तो हो जाते है लेकिन ज्यादा लम्बे समय तक जीवित नहीं रहते है क्यों की अंग्रेजी दवा से एक बीमारी ठीक होती है तो दूसरी बीमारी पैदा हो जाती है उसी को ध्यान में रखते हुए हम लोग अपनी औषधी दे कर लोगो की जड़ से बीमारी समाप्त करने का मिशन चला रखा है और सफल इलाज कर रहे है इस दौरान डॉक्टर जे के सिंह आर के गुप्ता शिव प्रसाद डॉक्टर सीमा कुशवाहा एवम अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जंगल में मिली महिला की लाश की शिनाख्त आशा बहू के रूप में हुई



**चायल कौशांबी** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के ईगुवा उर्फ काठगाव में शनिवार की सुबह खेत मे एक महिला की लाश मिली थी शरीर मे खरोच के निशान थे महिला के शव की शिनाख्त आशा बहू गीता देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी राजेंद्र कुमार निवासी ईगुवा उर्फ काठगांव थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। लाश देखने के बाद महिला गीता देवी के परिजनों में बताया कि शनिवार की दोपहर महिला घर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चायल मीटिंग में गई थी उसके बाद महिला बेगमपुर प्रयागराज की एएनएम विनीता के पास फार्म जमा करने गयी थी उसके बाद तिल्हापुर मोड़ नेवादा रोड पर दांत के अस्पताल भी महिला गयी थी लेकिन उसके बाद आशा बहू घर नहीं पहुँची परिजनों ने बताया कि डिलीवरी केस लेकर अक्सर आशा बहू मंझनपुर जिला अस्पताल चली जाती थी और वही रात में रुक जाती थी जिस कारण घर वालों ने रात में उसके घर ना पहुँचने पर उसकी खोज भी नहीं किया दूसरे दिन सुबह महिला की लाश काठगांव और नूरपुर बॉर्डर पर ससुर खदेरी नदी के पास जंगल में देखी गई है तो हड़कंप मच गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था सोशल मीडिया पर वायरल फोटो से महिला के बेटों ने उसकी पहचान किया है लाश देखकर परिवार में कोहराम मच गया है रिश्तेदारों का घर पर मजमा लग गया है।

### गैगेस्टर एक्ट के तीन अभियक्तों को पांच पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी** थाना पुरामुफ्ती अंतर्गत दिनांक 16 जनवरी 2009 को पंजीकृत मुकदमा उत्तर प्रदेश गैगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित तीन अभियुक्तों मासूक उर्फ मासूक उद्दीन पुत्र हबीबउद्दीन असलूब पुत्र मोहिउद्दीन शाहेजमन पुत्र मसूकउद्दीन निवासीगण अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती (वर्तमान जनपद प्रयागराज) को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी-1 / विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट) जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक अभियुक्त को 05-05 वर्ष कठोर करावास तथा 25-25 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 05-05 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गई।

### ऐतिहासिक शिव मंदिर में चला सफाई अभियान

**कौशाम्बी।** प्रधान मंत्री मोदी के आह्वाहन पर प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ऐतिहासिक शिव मंदिर मदन मोहन नगर चरवा में पूर्व जिला उपाध्यक्ष शेखर पाण्डेय के नेतृत्व में मंदिर की साफ सफाई की गई प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जाएगा इसकी तैयारी शुरू कर दी गई रविवार को मंदिर की साफ सफाई के दौरान सेक्टर अध्यक्ष अवधेश प्रजापति बूथ अध्यक्ष गंगा पटेल, ज्ञान पाण्डेय एवं निखिल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### वारन्टी को अझुवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी** अदालत से कुर्की और विक्रय द्वारा आदेश मिलने के बाद धारा 128 सीआरपीसी से संबंधित अभियुक्त शिव शंकर पुत्र सन्तलाल निवासी टांडा थाना सैनी को अझुवा चौकी पुलिस ने विधिपूर्वक गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## संपादक की कलम से

# न्यू कोचिंग पालिसी से शिक्षा में आयेंगे सुधार !

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग संस्थानों के लिए नए दिशानिर्देशों की घोषणा की है, जो बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में शिक्षा मंत्रालय द्वारा ये कदम कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के लिए दिशा-निर्देश एक कानूनी ढांचे( लीगल फ्रेमवर्क ) की आवश्यकता को पूरा करने के साथ साथ ही बेतरतीब तरीके से निजी कोचिंग संस्थानों की बढ़ोतरी को रोकने के लिए उठाए गए हैं। सच तो यह है कि आज पढ़ाई के तनाव में छात्रों की आत्महत्याओं के मामले देश में लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं और पैरेंट्स के द्वारा कोचिंग संचालकों की मनमानी की शिकायतें भी लगातार आ रही हैं। इसी वजह से यह नए नियम 'न्यू कोचिंग पालिसी और नये नियम' शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए हैं। आज हमारे देश में गली गली, मोहल्ले मोहल्ले, शहर शहर यहां तक कि गांवों तक में अनगिनत कुकरमुत्ते की भांति कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं और इन कोचिंग संस्थानों में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नामांकन किया जा रहा है और अच्छे रैंक, अच्छे मार्क्स प्राप्त करने की गारंटी भी दी जा रही है और उसके नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है। वास्तव में कोचिंग संस्थान अच्छे नंबरों, अच्छी रैंक दिलाने वाले, अभिभावकों और छात्रों को गुमराह करने वाले वादे नहीं कर सकते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि कोचिंग संस्थान कोचिंग की गुणवत्ता या उसमें दी जाने वाली सुविधाओं या ऐसे कोचिंग संस्थान या उनके संस्थान में पढ़े छात्र द्वारा प्राप्त परिणाम के बारे में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी दावे को लेकर कोई भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकते हैं या प्रकाशित नहीं करवा सकते हैं या प्रकाशन में भाग नहीं ले सकते हैं। वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए नए दिशानिर्देशों के अनुसार अब कोई भी कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकेंगे। हाल में जारी नये दिशा-निर्देशों के अनुसार, अब कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो कोचिंग संस्थानों में पढ़ाने के लिए नई गाइडलाइन के मुताबिक शिक्षकों का ग्रेजुएट होना अनिवार्य है।वास्तव में छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल एक्जामिनेशन के बाद होना चाहिए। अब कोचिंग संस्थान कोचिंग की गुणवत्ता या कोचिंग में प्रस्तावित सुविधाओं या हासिल किए गए परिणाम या कक्षाओं का हिस्सा रहे छात्रों के बारे में किसी भी दावे से जुड़ा गुमराह करने वाला विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकते। कोचिंग सेंटर किसी भी ऐसे ट्यूटर या व्यक्ति की सेवाएं नहीं ले सकते जिसे नैतिक रूप से भ्रष्टता के किसी अपराध में दोषी ठहराया गया हो। अब कोचिंग सेंटरों की वेबसाइट भी होगी जिन पर ट्यूटरों की शैक्षिक योग्यता, पाठ्यक्रमों, उन्हें पूरा किए जाने की समयावधि, छात्रावास आदि की सुविधाएं और कोचिंग संस्थानों द्वारा अभिभावकों से लिए जा रहे शुल्क का ताजा विवरण होगा। इतना ही नहीं कोचिंग बीच में छोड़ने पर कोचिंग संस्थानों को यथानुपात फीस भी लौटानी होगी। अब से पहले अधिकतर मामलों में अनुपात के अनुरूप फीस नहीं लौटाई जाती थी। नये जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक, विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ट्यूशन फीस उचित होनी चाहिए और उसकी रसीद भी अभिभावकों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। नये प्रावधानों के अनुसार यदि छात्र ने पाठ्यक्रम की पूरी फीस का भुगतान कर दिया है और वह किसी कारणवश पाठ्यक्रम विशेष को बीच में ही छोड़ देता है तो उसे 10 दिनों के भीतर यथानुपात में फीस रिफंड की जाएगी। इतना ही नहीं, यदि छात्र कोचिंग सेंटर के छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रहा था तो छात्रावास एवं भोजनालय की फीस भी अभिभावकों को यथानुपात में रिफंड की जाएगी। किसी भी स्थिति में पाठ्यक्रम जारी रहने के दौरान उसकी उस फीस में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी जिसके आधार पर छात्र का नामांकन किया गया है। नये प्रावधानों के अनुसार अब कोचिंग सेंटरों को तीन माह में पंजीकरण भी करना होगा। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि केंद्र सरकार ने यह सुझाव दिया है कि अत्याधिक शुल्क वसूलने के लिए कोचिंग सेंटरों पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाना चाहिए या उनका पंजीकरण रद कर दिया जाना चाहिए। पंजीकरण उस स्थिति में रद्द होगा जब कोचिंग संस्थानों द्वारा सरकार द्वारा जारी नियमों का उल्लंघन किया जाएगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर 25000 रुपये जुमार्ना लगाया जाएगा। दूसरी बार नियमों का उल्लंघन करने पर कोचिंग संस्थान को एक लाख रुपये जुमार्ना लगाया जाएगा। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कोचिंग संस्थानों की उचित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने दिशानिर्देशों के प्रभावी होने के तीन महीनों के भीतर नए एवं पहले से मौजूद कोचिंग सेंटरों के पंजीकरण का प्रस्ताव किया है। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटरों की गतिविधियों की निगरानी के संबंध में भी यह निर्देश जारी किए गए हैं कि इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार होगी। दरअसल शिक्षा मंत्रालय ने ये कदम छात्रों की आत्महत्या के मामलों, कोचिंग में आग लगने और छात्रों के लिए विभिन्न आधारभूत सुविधाओं की कमी जैसे बढ़ते मामलों के मद्देनजर उठाए गए हैं। आज हर तरफ कड़ी प्रतिस्पर्धा है और बच्चे कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव व अवसाद में आ जाते हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, विद्यार्थियों पर कड़ी प्रतिस्पर्धा और शैक्षणिक दबाव के कारण कोचिंग संस्थानों को उन्हें तनाव से बचाने के लिए कदम उठाने चाहिए और उन पर अनावश्यक दबाव डाले बिना कक्षाएं संचालित करनी चाहिए। दरअसल कोचिंग संस्थानों में एक परामर्श प्रणाली( छात्रों व अभिभावकों दोनों के लिए)भी विकसित की जानी चाहिए ताकि बच्चे व अभिभावक जरूरत पड़ने पर सही परामर्श ले सकें। आज स्थिति यह है कि बहुत से कोचिंग संस्थानों में प्राथमिक चिकित्सा किट, चिकित्सा सहायता/उपचार सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कोचिंग भवन को अग्नि सुरक्षा कोड, भवन सुरक्षा कोड और अन्य मानकों का पालन करना होगा। अग्नि और भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। कोचिंग की बिल्डिंग पूरी तरह से विद्युतीकृत होनी चाहिए। बिल्डिंग हवादार हो और प्रत्येक कक्षा में रोशनी की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए।

## क्यों जरूरी है लद्दाखी खान-पान की संस्कृति को बचाना?

यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन पर न केवल जोर दिया गया, बल्कि कुछ ऐसे किसान भी आए, जो यह काम बरसों से कर रहे हैं। इस तरह के आयोजनों ने लद्दाख में बढ़ रहे पर्यटन को भी एक नई राह दिखाई है, जिसमें स्थानीय खान-पान के साथ वैकल्पिक जीवनशैली शामिल है, लद्दाख में चूंकि अभी बड़े पैमाने पर पर्यटन की शुरूआत है, इसलिए ऐसे कार्यक्रमों से सुरक्षित पर्यावरण की ओर बढ़ा जा सकता है, जिसमें जैविक खान-पान, स्थानीय समुदायो की सहभागिता, उनकी आजीविका और लद्दाखी श्रम संस्कृति सभी का संरक्षण व संवर्धन संभव है। मधुमेह,उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, कैंसर जैसी बीमारियों का संबंध भोजन व खान-पान की आदतों से जुड़ा है। प्लास्टिक डब्बाबंद फूड और कार्बोनेटेड पेय जो बाहर से आयात किए जा रहे हैं- यह सब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां सिर्फ अस्पताल से ठीक नहीं होंगी, बल्कि कृषि और रसोई से ठीक होंगी।' यह लेह (लद्दाख) के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नोर्दन ओथजर थे। लेह के पास रनबीरपुर गांव में दो दिनी जौ फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्कियोलोजी एंड एलायड साइंस सेंटर में गत वर्ष को हुआ था। इसका आयोजन लद्दाख आर्टस एंड मीडिया आर्गनाइजेशन, स्नो लेपर्ड कंजरवेंसी इंडिया ट्रस्ट, लोकल फीचर्स,कल्पवृक्ष और विकल्प संगम ने संयुक्त रूप से किया था। जौ (बारले) यहां की प्रमुख फसल है। जौ का सतू लद्दाख के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल है।

# आइए राम-राज्य की स्थापना का व्रत लें

**अरविंद जयतिलक**

आज अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पुण्यबेला में देश राममय है। अयोध्या में त्रेता युग उतर आया है। चतुर्दिक रामनाम की गूंज से प्रकृति का कण-कण ध्वनित और रोमांचित है। शताब्दियों की अधूरी आस पूरी हो रही है। सनातन संस्कृति के महा प्रतिमान और लोक जीवन के आराध्य भगवान श्रीराम भारत राष्ट्र की आत्मा हैं। आज भारत राष्ट्र की आत्मा की ही प्राण-प्रतिष्ठा है। इस पुनीत पुण्यबेला में लोकमंगलकारी राजीव नयन भगवान श्रीराम को शत-शत प्रणाम। कई सहस्त्राब्दियों पहले अयोध्या में प्रभु श्रीराम का प्राकट्य हुआ था। तब निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया था। गन्धर्वों का दल प्रभु श्रीराम के गुणों का गान कर रहे थे। आकाश में घमाघम नगाड़े बज रहे थे। नाग, मुनि और देवता प्रभु श्रीराम की स्तुति और आराधना में जुटे थे। आज अयोध्या समेत संपूर्ण राष्ट्र में वैसा ही राममय वातारण निर्मित है। रामनाम शब्द के प्रस्फुटन, कीर्तन, यज्ञ, हवन-पूजन से त्रेता युग चरितार्थ हो रहा है। भगवान श्रीरामलला का भव्य-दिव्य मंदिर छटाओं से अलंकृत है। आज श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से भारत भूमि की शुभता-धन्यता पूर्ण हो रही है। प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से एक बार फिर राष्ट्र राम-राज्य की ओर अग्रसर होगा। राष्ट्र के जन दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्त होंगे। सकल जन का कल्याण होगा। दुष्टों और समाज-राष्ट्रद्रोहियों और विरोधियों का पतन होगा। भगवान श्रीराम साक्षात परब्रह्म ईश्वर है। संसार के समस्त पदार्थों के बीज हैं। संसार के सूत्रधार हैं। वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा हैं। सद्गुणों के भंडार हैं। उनकी प्राण-प्रतिष्ठा से भारत का भाग्योदय होगा। भारतीय जनमानस भगवान श्रीराम के जीवन पद्धति को अपना उच्चतर आदर्श और पुनीत मार्ग मानता है। शास्त्रों में भगवान श्रीराम को लोक कल्याण का पथप्रदर्शक और विष्णु के दस अवतारों में से सातवां अवतार कहा गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान श्रीराम धरा पर अवतरित होकर दुष्टों का संघार करते हैं। भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रुप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संत तुलसीदास ने भगवान श्रीराम की महिमा का गान करते हुए कहा है कि भगवान श्रीराम भक्तों के मनरुपी वन में बसने वाले काम, क्रोध, और कलियुग के पापरुपी हाथियों के मारने के लिए सिंह के बच्चे सदृश हैं। वे शिवजी के परम पूज्य और प्रियतम अतिथि हैं। दरिद्रता रुपी दावानल के बुझाने के लिए कामना पूर्ण करने वाले मेघ हैं। वे संपूर्ण पुण्यों के फल महान भोगों के समान हैं। जगत का छलरहित हित करने में साधु-संतो के समान हैं। सेवकों के मन रुपी मानसरोवर के लिए हंस के समान और पवित्र करने में गंगा जी की तरंगमालाओं के समान हैं। श्रीराम के गुणों के समूह कुमार्ग, कुतर्क, कुचाल और कलियुग के कपट,



दंभ और पाखंड के जलाने के लिए वैसे ही हैं जैसे ईंधन के लिए प्रचण्ड अग्नि होती है। श्रीराम पूर्णिमा के चंद्रमा की किरणों के समान सबको शीतलता और सुख देने वाले हैं। श्रीराम क्षमा, दया और दम लताओं के मंडप हैं। संसार भी भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। रामचरित मानस में तुलसीदास ने रामराज्य पर भरपूर प्रकाश डाला है। उन्होंने लिखा है कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम के सिंहासन पर आसीन होते ही सर्वत्र हर्ष व्याप्त हो गया। समस्त भय और शोक दूर हो गए। लोगों को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति मिल गयी। रामराज्य में कोई भी अल्पमृत्यु और रोगपीड़ा से ग्रस्त नहीं था। सभी जन स्वस्थ, गुणी, बुद्धिमान, साक्षर, ज्ञानी और कृतज्ञ थे। वाल्मीकि रामायण के एक प्रसंग में स्वयं भरत जी भी रामराज्य के विलक्षण प्रभाव की बखान करते हैं। गौर करें तो वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधी जी की भी चाह थी। गांधी जी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रुप में रामराज्य की कल्पना की थी। आज भी शासन की विधा के तौर पर रामराज्य को ही उत्कृष्ट माना जाता है और इसका उदाहरण दिया जाता है। संसार भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मयार्दा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मयार्दा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इसीलिए भगवान श्री राम को कर्तव्यपरायणता के कारण भारतीय सनातन परिवार का आदर्श प्रतिनिधि कहा जाता है। उन्होंने लंकापति रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया था कि सत्य और धर्म के मार्ग का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। राम रघुकुल में जन्में थे जिसकी परंपरा ह्यरघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाईह्ण की थी। इसीलिए पिता का वचन मानकर वे जंगल को गए। उन्होंने अपने पराक्रम से दण्डक वन को राछस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संघार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिए दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वहीं प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। मेरी कथा का रसपान करते हैं। जो इंद्रियों का निग्रह, शील, बहुत कार्यों से वैराग्य और निरंतर संत पुरुषों के धर्म में लगे रहते हैं। जगत को समभाव से मुझमें देखते हैं और संतों को मुझसे भी अधिक प्रिय समझते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरुप को प्राप्त हो जाता है। भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। उन्होंने पंपापुर के वन्य जातियों को स्नेह से सीचिंत कर अपना मित्र बनाया। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरुपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी का अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संघार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए अपने भक्त हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा। लेकिन दुष्ट स्वभाव वाले रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभिषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया। लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभिषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभिषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। उन्होंने लंका का राज्य विभिषण को सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। सही अर्थों में इन लीलाओं के जरिए भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के तौर पर जगत को संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिए ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है। आइए हम सभी ऐसे देदीप्यमान भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पुण्यबेला में राम-राज्य की स्थापना का व्रत लें।

# ईरान-पाक टकराव : विश्व शांति को नया खतरा

एक ओर रूस-यूक्रेन तथा इजरायल-फिलीस्तीन संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, दूसरी तरफ भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और ईरान के बीच टकराव शुरू हो गया है, जो विश्व शांति के लिये बड़ा खतरा बन सकता है। वैसे ईरान ने इसी के साथ अपने दो और मुल्कों पर हमले किये हैं। ये देश हैं सीरिया व इराक। इन हमलों की गम्भीरता को देखते हुए सुलह के प्रयासों की तत्काल जरूरत आन पड़ी है। पहले उल्लेखित संघर्षरत मुल्कों के बीच युद्धों के अपने-अपने कारण हैं, परन्तु ताजा लड़ाई (ईरान-पाक) की वजह एक दूसरे पर आतंकवाद को बढ़ावा देना है। दोनों देशों के बीच तल्खी इस कदर बढ़ गई कि दोनों ने एक दूसरे के उच्चायुक्तों को अपदस्थ कर दिया है। वैसे युद्ध जिस भी कारण से हो रहा हो, आवश्यक है कि दोनों देश परस्पर संवाद से समस्या का निदान ढूंढ़े। मंगलवार को ईरान ने उससे लगे पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से आक्रमण कर दिया। हमले के जवाब में ईरान पर एयर स्ट्राईक कर दी गई। खुद ईरान ने स्वीकारा है कि पाकिस्तानी हमले से उसके सिस्तान-बलूचिस्तान क्षेत्र में 7 लोग मारे गये हैं, जिनमें तीन महिलाएं और चार बच्चे हैं। इसके पहले भी 2016 में ईरान ने पाक सीमा में घुसकर मोर्टार हमले किये थे। इन दोनों देशों के बीच तकरीबन 900 किलोमीटर की सीमा लगती है। 2017 में पाक संरक्षित आतंकवादियों ने ईरान के 10 सुरक्षाकर्मियों को मार डाला था, तभी से दोनों देशों के बीच कई बार सम्बन्ध बिगड़ते भी रहे। ईरान एक शिया और पाकिस्तान सुन्नी मुसलमान देश है, जो उभय पक्षों के बीच खट्टे-मीठे सम्बन्धों का एक और कारण है। पाकिस्तान की सऊदी अरब से बढ़ती नजदीकियां भी ईरान को रास नहीं आ रही हैं,



जबकि 1965 में भारत-पाक युद्ध में ईरान ने पाकिस्तान का साथ दिया था।

पाकिस्तान पर ईरान का तो आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप है ही, खुद पाकिस्तान का कहना है कि ईरान में सक्रिय बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फोर्स (बीएलएफ) को उस देश के द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है जो पाकिस्तान में सरकार विरोधी कार्रवाइयां कर रहे हैं। पाकिस्तान ने कथित रूप से इन्हीं संगठनों के ठिकानों पर हमले किये हैं। पाकिस्तान की उत्तर में बलूचिस्तान स्थित है जिसकी सीमा अफगानिस्तान से लगती है और पश्चिम में ईरान से सटी हुई है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध बलूचिस्तान को उसके इस संसाधन का लाभ नहीं मिल पाता और वहां से निकलने वाले खनिजों का फायदा पाकिस्तान के पंजाब इलाकों को ज्यादा मिलता है। इसलिये बलूचिस्तान के लोग सरकार से नाराज हैं और वे अलग होने की मांग तक करते आये हैं। जबसे पाकिस्तान ने इन खनिजों को चीन के लिये भी खोल दिया है, बलूचियों की नाराजगी और ज्यादा बढ़ गई है। बीएलए और बीएलएफ जैसे संगठन पाकिस्तानी व चीनी सेना के जवानों को निशाना बना रहे हैं। ईरान का मानना है कि पाकिस्तान, सीरिया एवं इराक तीनों ही आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं इसलिये उसने अपने हितों की रक्षा के लिये तीनों मुल्कों पर हल्ला बोला है।

दावोस में जारी वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम में हिस्सा ले रहे ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि जैश-अल-अदल पाकिस्तान की धरती से ईरान के खिलाफ सक्रिय आतंकी संगठन है। ईरान लम्बे समय से कहता आया है कि पाकिस्तान उनके देश के खिलाफ काम कर रहे आतंकी समूहों को पनाह और प्रोत्साहन देता है। कई कार्रवाइयों की उसने जिम्मेदारी भी ली है। इसने ईरान में 2013 में बड़ा हमला किया था। ईरान के अलावा अमेरिका, जापान, न्यूजीलैंड आदि कई देशों ने इसे आतंकवादी संगठनों की सूची में डाल रखा है। वैसे दोनों देशों (ईरान-पाकिस्तान) के बीच कभी नरम तो कभी गरम वाले सम्बन्ध होते हैं। कुछ अरसा पहले दोनों देशों ने संयुक्त युद्धाभ्यास भी किया था लेकिन आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों को लेकर खटास भी हो जाती है। हाल के वर्षों में रिश्ते इस कदर बिगड़ जाने की मुख्य वजह बलूचिस्तान के सीमावर्ती शहर पंजगुर में जैश-अल-अदल को शरण मिलना है। चीन से दोनों के अच्छे ताल्लुक हैं जो इस तनातनी से अपने व्यवसायिक हितों के चलते चिंतित है। दोनों चीन प्रवर्तित शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) के सदस्य हैं, इसलिये बुधवार को चीन के विदेश मंत्रालय के ओर से बयान जारी कर मसले को बातचीत से हल करने की सलाह दी गई है। इस बीच खाड़ी देशों के बीच स्थितियां और अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध काफी बदले हैं। भारत के साथ ईरान के सम्बन्ध कच्चे तेल के व्यवसाय पर निर्भर हैं। भारत ईरान का बड़ा आयातक देश है, इसलिये इस सशस्त्र संघर्ष का उसके शेयर बाजार पर पड़ना लाजिमी है। इस क्षेत्र में लड़ाई के आगाज की आशंका से सेंसेक्स व निफ्टी में बड़ी गिरावट दर्ज हुई जिसके कारण निवेशकों ने लगभग 4.50 लाख करोड़ रुपये गंवा दिये।

व्यवसायिक हितों से बढ़कर मानवीयता के दृष्टिकोण से भी यह संघर्ष थमना जरूरी है। कोरोना के कारण अनेकानेक तरह की दुश्वारियों से घिरती हुई दुनिया में इतना दम नहीं रह गया है कि वह किसी भी क्षेत्र में और किसी भी कारण से ऐसी लड़ाइयों को झेल सके। हर युद्ध त्रासदियों को जन्म देता है, जो हाल के रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलीस्तीन के बीच चल रही लड़ाइयों में देखने को मिल रही है। युद्ध में मासूम लोग बलि चढ़ते हैं और एक हद के बाद सारी लड़ाइयां थम जाती हैं परन्तु मानवता को होने वाले नुकसान की भरपाई कभी पूरी नहीं हो पाती।

# अयोध्या में पधारेंगे प्रभु श्री राम, विश्व में गूंजेगा राम का पवित्र नाम

**बोलिए जय जय श्री राम।**

अयोध्या के मंदिर में प्रभु श्रारीम की प्राण प्रतिष्ठा से पूरा विश्व राम-मय हो गया है। अयोध्या का वैभव द्विगुणित होकर वैश्विक स्तर पर आच्छादित हो गया। भारतीय सनातन धर्म संस्कार और संस्कृति श्री राम से शुरू होकर पूरे विश्व में चारों ओर खुशबू की तरह व्याप्त है। यह प्रभु राम की ही अद्भुत माया है कि भारत के साथ-साथ पूरे विश्व के हर नागरिक की नजरे प्रभु राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में टिकी हुई है। और यह भी सत्य है कि भारतीय सनातन संस्कृति के पर्याय मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ही है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक श्री राम का नाम जप कर ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त होता है। जन्म में भी श्री राम और मोक्ष भी श्री राम ही हैं। इह लोक और परलोक दोनों में श्री राम का नाम व्याप्त है। कण-कण में प्रभु श्री राम है और मन मन में प्रभु श्री राम है।

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे ।प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं।

# शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा दहाड़ेगाः सांसद

## रामायण मेला में 264 जोड़े वैवाहिक सूत्र में बंधे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग ने सीएम सामूहिक विवाह राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में सांसद आरके सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में 264 जोडों का विवाह कराया।



वैवाहिक जोडे को आशीर्वाद देते सांसद, डीएम आदि।

रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने वर-वधू को शुभकामनायें देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रदेश में कार्यभार ग्रहण करते ही गरीब कन्याओं की शादी की योजना लागू हुई है। संसदीय क्षेत्र में तीन हजार गरीब पुत्रियों की शादी प्रति वर्ष हो रही है। अयोध्या में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने राम मंदिर का निर्माण कराया है। कल भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पांच सौ साल से प्रतिज्ञा चल रही थी, जो अब पूरी हुई। श्रीराम पूजन से भारत फिर से सोने की चिड़िया बनेगा। 2047 तक भारत विश्व गुरु बनेगा। शिक्षा की शेरनी का जो दूध पियेगा, वही आगे बढ़ेगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर कहा कि सीएम सामूहिक विवाह में जिले में 898 जोड़ों का लक्ष्य मिला है। 184 जोड़ों का विवाह पहले हुआ है। आज 281 जोड़ों का पंजीयन हुआ था, 264 जोड़ों का विवाह हुआ है। बौद्ध धर्म से 20 जोड़ों के विवाह हुए। प्रति जोड़ा 51 हजार रुपए धनराशि में दस हजार रुपए की वैवाहिक सामग्री, छह हजार रुपए वैवाहिक कार्यक्रम में खर्च होते हैं। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। उपनिबंधक कर्वी राजेश कुमार सिंह ने वर-वधुओं का वैवाहिक पंजीयन किया। हिंदू रीति रिवाज से गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक पंडित रामनारायण त्रिपाठी व उपाचार्यों ने विवाह कराये। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्र प्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, कर्वी प्रतिनिधि गुलाब सिंह पटेल, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, हरिओम करवरिया, सुरेश अनुरागी, श्रीमती साधना सिंह समेत एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, बीडीओ आस्था पांडेय, मऊ रामजी मिश्रा, पहाड़ी दिनेश कुमार मिश्रा, रामनगर शैलेंद्र सिंह, मानिकपुर धनंजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा आदि व घराती-बाराती, वर- वधू आदि मौजूद रहे।

# सरयू स्नान दौरान रामलला को निहारना है याद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्याम कृपा में राम उत्सव की तैयारी के बीच डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन को संस्मरण याद आया। जय श्रीराम उद्घोष सर्वत्र व्याप्त है। ये उद्घोष कार सेवा समय में लहर थी। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने जोश भरा था।

रविवार को भाजपा नेता/ डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन ने याद करते हुए बताया कि संसद में राम के प्रति प्रतिबद्धता व मुरली मनोहर जोशी के जोश में उन लोगों को तीन बार अयोध्या रामलला की सेवा में जाने का मौका मिला था। सरयू स्नान व हफ्तों वहां अखाड़े में रहकर सुबह-शाम रामलला को निहारना आज भी याद है। तब वे



संस्मरण सुनाते डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन।

किशोरवय थे। रोक के बाद भी साधन नहीं चल रहे थे। मालगाड़ी के डिब्बे में बैठकर अवध की यात्रा की थी। अवध पहुंचकर बजरंगी विनय कटियार की अगुवाई में साध्वी ऋतंभरा व उमा भारती का शंखनाद आज भी गूंज रहा है। कोठारी बन्धुओं का बलिदान और कार सेवकों के रक्त रंजित समाचार हृदय को द्रवित करते थे। भगवा ध्वज क्या गमछा डालना व जय श्रीराम बोलना भी अपराध सा था, तभी आशा की ज्योति पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने सरकार न्योछावर कर जगा दी, जिसके चलते आज मंदिर निर्माण बनाने का मार्ग प्रसस्त हुआ। तब के बाद रामलला के दर्शन नहीं हुए, ये सपना अब पूरा होगा। अब ठाट-बाट से प्रभु की जब इच्छा होगी, वह बुलायेंगे। अंततः जनसेवा इंटर कालेज की वह अस्थाई जेल में हफ्तों प्रतिबंध के समय कटनी जाकर रहना। पूर्व सांसद प्रकाशनाथ त्रिपाठी का कार सेवकों को प्रशासन की रोक के बाद लड़कर सहयोग करना, अतीत में ले जाता है। देश-प्रदेश के सभी निर्माण में लगे राम भक्तों को पुनः साधुवाद।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा पर निकली भव्य शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री रघुबीर मन्दिर बड़ी गुफा में अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य शोभा यात्रा ट्रस्टी डॉ बीके जैन की अगुवाई में निकली। ट्रस्टी ने कहा कि हर्ष का मौका है कि पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा बाद इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने जा रहे हैं।



शोभा यात्रा निकालते ट्रस्टी।

रविवार को भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण की। हाथी-घोड़े, रथ में भगवान आधारित झांकियां, अयोध्या राम मन्दिर मॉडल समेत 108 मंगल कलश लिये ढाई हजार से अधिक ट्रस्ट कार्यकर्ता, साधु-संत शामिल हुए। शोभा यात्रा प्रार्थना भवन से होकर रामघाट होते हुए रघुवीर मन्दिर में समाप्त हुई। शाम को दिव्य मन्दाकिनी आरती दीपोत्सव हुआ। सदगुरू महिला समिति अध्यक्षा ऊषा जैन ने बताया कि 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रातः मन्दिर परिसर में सुन्दरकांड का पाठ होगा। मंगल बधाई गीतों के गायन के बीच भगवान का पूजन-अभिषेक किया जायेगा। छप्पन भोग का महाप्रसाद लगेगा। श्रीराम की तपोभूमि को अयोध्या की भांति सजाया जायेगा। ट्रस्टी डॉ जैन ने सभी से अनुरोध किया कि भगवान श्रीराम मन्दिर का ये पर्व पूरे हर्ष के साथ मनायें।

## आज भव्य ढंग से मनेगा उत्सव

**चित्रकूट।** बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महराज की अगुवाई में रामलला स्थापना को लेकर 19 प्रमुख स्थानों पर दीपोत्सव हुआ। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में प्राचीन प्रभु कामतानाथ मंदिर, बरहा हनुमानजी, शनि शिला, रामघाट स्थित भरत मंदिर में दीपोत्सव, पूजन-कीर्तन हुए। रविवार को 22 जनवरी को राजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ सरकार में भव्य ढंग से प्रभु श्रीराम के अयोध्या में रामलला के बतौर स्थापित होने का उत्सव मनेगा। प्रभु श्रीराम वनवास काल में चित्रकूट आये थे, तब राजाधिराज की आज्ञा लेकर तीर्थक्षेत्र में निवास किया था। प्रभु श्रीराम ने भाई लक्ष्मण को भोलेनाथ से अनुमति लेने भेजा तो राजाधिराज नभ्या व जिभ्या पकडकर नाचने लगे।

# कालेधन का कुबेर बना जगदीश पाण्डेय

## दौलत देख घबरा जायेगी ईडी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कलेक्ट्रेट के लिपिकों की जांच हो तो काले धन के कुबेरों का ऐसा खुलासा होगा कि उनकी दौलत देखकर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) भी हैरान हो जायेगी। कालेधन का सबसे बडा कुबेर कलेक्ट्रेट में तैनात एलआरसी लिपिक जगदीश पाण्डेय की अकूत सम्पत्ति का पता चला है।

रविवार को कलेक्ट्रेट के एलआरसी लिपिक जगदीश पाण्डेय की उसके पैतृक गांव सकरौली समेत मानिकपुर तहसील के सकरौंहा गांव में भी सैकडों बीघा जमीन है। सकरौली गांव में तो पैतृक जमीन को छोड दें, तो उसने अलग से पचास बीघा जमीन खरीदकर बोर



लिपिक जगदीश पाण्डेय।

व आलीशान बगीचा तैयार किया है। चारपहिया वाहनों में उसके पास बुलेरो, इंडिका, दोपहिया में बुलेट व कई मोटरबाइक हैं। कर्वी में भी करोडों का मुख्य सडक राजापुर रोड में मकान है। देवांगना रोड में भी प्लाट है। इसके अलावा नामी-बेनामी सम्पत्तियों की भरमार है।

ये कालेधन का कुबेर यूं ही नहीं बना, इसने एलआरसी बाबू रहते हुए अनुसूचित जाति की जमीनों को सामान्य वर्ग के लोगों को अनुमति दिलाने के नाम पर दोनों हाथों से इस तरह से दौलत बटोरी है कि इसकी दौलत देखकर ईडी भी हैरान रह जाये। नौकरी दौरान इसका आज तक कोई जिलाधिकारी तबादला नहीं कर सका है। ये जिलाधिकारियों को इस तरह से पटा लेता है कि कोई भी जिलाधिकारी इसे पद से हिलाने का साहस नहीं करता। इसके घर में अत्याधुनिक सुख-सुविधा के सभी साजो-सामान उपलब्ध हैं। अक्खड किस्म के इस लिपिक की बातचीत का टोन ऐसा है कि कोई भी इससे खुश नहीं हो सकता। मजे की बात ये है कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द अपनी ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं, उनकी भी नजर इस लिपिक के कालेधन के कुबेर पर नहीं पडी। इसके क्रियाकलापों की सम्पूर्ण ढंग से जांच करा ली जाये तो काले कुबेर की टकसाल का खुलासा तुरन्त हो जायेगा। इसकी नामी-बेनामी सम्पत्तियों के खुलासे को गहराई से जांच करनी होगी, तभी बेनामी सम्पत्तियों का खुलासा होगा। इस लिपिक ने ऐसी कोई सरकारी योजना नहीं है कि जिसका इसने बेदर्दी से लाभ न लिया हो। अपनी धौस के चलते योजनाओं का लाभ लेने में भी अधिकारियों से बदतमीजी से पेश आता रहा है।

## जुआ खेलते तीन जुआरी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह ने संतकुमार पटेल पुत्र फूलचन्द्र निवासी भगड़ा सेजवार थाना नयागांव सतना मप्र, जितेन्द्र कुमार पुत्र जौहरीलाल निवासी मुन्नू का पुरवा शिवरामपुर, पिन्टू कुशवाहा पुत्र प्रीतम कुशवाहा निवासी संग्रामपुर को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 1960 रुपये, ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से छह सौ रुपये बरामद किये। सभी के खिलाफ कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही आशीष कुमार सिंह, शिवम मिश्रा व रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

## दो के कब्जे से 40 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण/बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह की टीम ने सहदेव पुत्र छक्कीलाल निवासी गोकुलपुरी के कब्जे से 21 क्वार्टर देशी शराब व मुन्ना निषाद पुत्र मिठाईलाल निवासी अहिरन पुरवा के कब्जे से 19 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह, सिपाही संजय पाल व शुभम शर्मा शामिल रहे।

## सबकी जिम्मेदारी है स्वच्छताः नरेन्द्र

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत 101वां अभियान सुरा गौ से बिरजाकुंड के बीच चला। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता का पालन करना सबकी जिम्मेदारी है। रविवार को अभियान में ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत निर्माण को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत का उद्देश्य है कि आसपास की सफाई करना ही नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से स्वच्छ माहौल बनाना भी जरूरी है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि जन जागरूकता स्वच्छ भारत अभियान में लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवाकुमार ने कहा कि ऐसे लोगों को प्रेरित करें कि स्वच्छ भारत समुदाय अधिक से अधिक स्वयंसेवकों से जुड़े। आसपास अभियान का संचालन सुनिश्चित करें। अभियान में कृष्णा शुक्ला, जितेंद्र केसरवानी, मनोज कुशवाहा, जानकी, राजेंद्र त्रिपाठी, अंकुर केसरवानी, विनोद कुमार व नगर पालिका टीम मौजूद रहे।

# 24 तक चलेगा राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में राष्ट्रीय बालिका दिवस जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ 19 जनवरी को जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति व वात्सल्य संस्था लखनऊ ने किया। सप्ताह के तहत बालिकाओं को विभिन्न गतिविधियों से प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय डिजिटल लर्निंग, जीवन कौशल, बाल विवाह से होने वाली क्षति, लैगिंक भेदभाव, नेतृत्वकर्ता व किशोरियों बाबत कानून, पास्को एक्ट और राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व की समझ विकसित की जायेगी।

रविवार को बालिकाओं में व्यवसायिक कौशल, जीवन कौशल, डिजिटल कौशल की जानकारी दी जायेगी। वर्तमान में हो रहे डिजिटल अपराधों के प्रति जागरूक रहे, उससे बचने के तरीकों की जानकरी रहे। मोबाइल, लैपटाप, टेबलेट उपकरणों के उपयोग तक ही डिजिटल साक्षरता न रहे। बालिकाओं व किशोरियों को इस बात की जानकारी बहुत जरूरी है। वह किसी प्रकार के डिजिटल अपराध से पीडित होती हैं तो कानूनी मदद कैसे लेनी है। जीवन को सरल-सहज बनाने को ये कौशल बहुत जरूरी व उपयोगी है, यही जीवन कौशल है। राष्ट्रीय बालिका दिवस जागरूकता सप्ताह 24 जनवरी तक जिले में चलाया जायेगा। ये जानकारी शंकरदयाल पयासी ने दी है।

## सची शुक्ला ने नेट जेआरएफ में पाई फर्स्ट रैंक

**अखंड भारत संदेश**



सची शुक्ला।

**मऊ/चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र के छेदीलाल शुक्ला की पुत्री सची शुक्ला का जूनियर रिसर्च फोलोशिप मे चयन होने से क्षेत्रीय लोगो ने खुशी जताई है। सची शुक्ला ने प्रारंभिक शिक्षा नारायण दास मेमोरियल स्कूल बरगढ़ से करने के बाद इंटर की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज बरगढ़ से की। ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन इलाहबाद विश्वविद्यालय से किया। हाल में दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी की। पूंछने पर सची ने बताया कि वे बाबा के सपनों को पूरा कर रही है। सची शुक्ला ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा हिंदी विषय में ऑल इंडिया में पहली रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।



सुरक्षा व्यवस्था की जांच करते एसपी।

## मप्र सीमा बैरियर का एसपी ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्री रामलला की मूर्ति स्थापना व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर मप्र सीमा पर स्थित देवांगना घाटी बैरियर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मप्र सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर मातहतों को निर्देश दिये कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति उप्र सीमा में न आने पाये। पूरी तरह से जांच-पडताल बाद ही लोगों को सीमा में प्रवेश करने दें। प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के मद्देनजर कोई भी अप्रिय घटना रोकने को पुलिस पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करे। सभी लोगों पर पैनी नजर रखें, ताकि कोई भी अनहोनी न हो सके। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के मद्देनजर भीड-भाड का अराजकतत्व फायदा उठाकर कोई भी अनहोनी कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस पैनी नजर पहले से रखेगी तो ऐसी कोई घटना नहीं हो सकेगी।

# तुलसी स्मारक भूमि पर पालिका बनवा रहा कार्यालयः सुशील

## बिना फ्रीहोल्ड के जमीन पर किया कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि नगर पालिका के पीछे लगे हरे-भरे सागौन-नीम आदि के पेडों को रातोंरात कटवा दिया गया है। नगर पालिका के पीछे की नजूल भूमि तुलसी स्मारक समिति की है। वहां कोई निर्माण कार्य तभी हो सकता है, जब भूमि को विधिवत फ्रीहोल्ड करवाया जाये, ये तभी सम्भव है जब सर्किल रेट से भूमि की धनराशि शासन के खाते में जमा की जाये।

रविवार को पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने एक होटल में पत्रकारों से कहा



पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

कि पालिका ने वन विभाग की अनुमति के बिना रातोंरात कीमती सागौन-नीम के पेडों को कटवा दिया है। ये पेड तुलसी स्मारक की भूमि पर लगे थे। इस भूमि से पेडों को कटवाने का अधिकार नगर पालिका को किसने दे दिया, ये सवाल इसलिए खडा होता है कि ये भूमि नजूल की है। नजूल भूमि पर कोई निर्माण कार्य तभी हो सकता है, जब भूमि को फ्रीहोल्ड करवा लिया जाये। बिना फ्रीहोल्ड के वहां नगर पालिका परिषद का नया कार्यालय बनाने का ख्वाब पालिका परिषद देख रहा है।

उन्होंने कहा कि पेडों को कटवाकर नगर पालिका के टैज्क्टरों में भरकर गोपनीय स्थान पर भेजा गया है। वार्ड मेम्बर ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि वृक्षारोपण की योजना को पलीता लगाने वाले ईओ लालजी यादव के खिलाफ कार्यवाही की जाये। वन विभाग की अनुमति के बिना काटे गये हरे पेडों के मामले में समुचित कार्यवाही की जाये।

# सेवा भारती ने समरसता भोज कर बांटे कंबल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाज से अलग-थलग घुमंतू जाति के लोगों के बीच सेवा भारती ने खिचड़ी भोज कर तेल, बत्ती व कंबल बांटे। जरूरतमंद सभी बुजुर्गों समेत प्रसूताओं को कंबल बांटे। रविवार को रामलला के गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में रामोत्सव मनाने को आधा सैकड़ा परिवारों को 21 दिये- बत्ती व 250 ग्राम तेल की बोतल देकर महापर्व हर्षोल्लास से मनाने को प्रेरित किया। 22 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महापर्व की जानकारी से अनभिज्ञ लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। पहाड़ किनारे जंगलों के बीच अहमदनगर में घुमंतु परिवारों की बस्ती में श्रद्धा सेवा देखकर जय श्रीराम के नारों का उद्घोष किया। सेवा भारती के सदस्यों ने समरसता भोज में खुशी से आंसू छलक आये। सेवा भारती समाज में शोषित, वंचित, पिछड़ों, घुमंतू समाज को मुख्य धारा में जोड़ने को प्रयासरत है। सेवा भारती जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने कहा कि सेवा भारती जिले में शोषित, वंचित, पिछड़ों की सेवा कर रही है। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण, वस्त्र-कंबल वितरण समेत बाल संस्कार स्वालंबन केंद्र संचालित कर रही है। इस मौके पर शंकर यादव, अनिल अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव, मनोज शिवहरे, रोहिल अग्रवाल, सुरेंद्र कछवाह, गोविंद निषाद, रंजीत शिलाजीत, बबलू शिलाजीत व सैंकड़ों शिलाजीत परिवार शामिल रहे।



शोषित परिवारों को कम्बल देते सेवा भारती के लोग।

# अफीम की घुट्टी पिलाने से नहीं होगा देश का भलाः का अमित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महान साम्यवादी विचारक वीआई लेनिन की पुण्यतिथि पर भाकपा कैंप कार्यालय में हुई विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता/ भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने वीआई लेनिन की सौंवी पुण्य तिथि पर कहा कि देश को महाशक्ति बनाने को लेनिन की नीतियों को आत्मसात कर मजदूरों-किसानों की समस्याओं का समाधान कर रोजगार शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन को प्राथमिकता देनी होगी, जो मौजूदा सरकार के एजेंडे में नहीं है।

रविवार को गोष्ठी में का अमित यादव ने कहा कि समाजवादी चोला ओढ़कर पूंजीवादी विचारधारा की सरकारें आईं, आम आवाम के हितों की अनदेखी कर पूंजीपतियों के हाथों को मजबूत किया। मौजूदा सरकार संविधान धर्मनिरपेक्ष प्रस्तावना की अवहेलना कर धार्मिक कार्यों में लगी है। मूल समस्याओं की अनदेखी कर रही है। भारत को महाशक्ति बनाने का सपना पूरा नहीं हो सकता। अध्यक्षता करते हुए केशव प्रसाद यादव ने कहा कि लेनिन ने तर्कवादी, बुद्धिवादी, वैज्ञानिक समाज बना कर देश को महाशक्ति बना दिया था। जिला कौंसिल सदस्य सुशील सिंह ने कहा कि मुल्क के नौजवानों में रोजगार न मिलने से निराशा है। शिक्षक



लेनिन पुण्यतिथि पर बोलते अमित।

बाबूराम ने कहा कि लेनिन ने दुनिया को समाजवादी पथ बनाकर दुनिया के मजदूरों, किसानों को खुशहाली के रास्ते पर खडा किया था। गोष्ठी का संचालन का हनुमान ने किया। गोष्ठी में चुनकूराम पाल, ननकूराम यादव, महेंद्र सिंह, शारदा प्रसाद यादव, कल्लू सिंह, अभिजय, सौरभ, नीरज, दिनेश कुमार, रामभज, रवि, श्याम, धुन्नू, हरिप्रसाद, जगदीश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# रौनक इन्फोटेक कर्वी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर ब्लाक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी क्रिकेट टूनामेंट क्वार्टर फाइनल मैच रौनक इन्फोटेक कर्वी व अहमदगंज के बीच हुआ।

रविवार को मैच की शुरूवात सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर शुरू कराया। विशिष्ट अतिथि सपा जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, उमाकांत यादव, अभिलाष, शिवमंगल यादव की मौजूदगी में पहले बल्लेबाजी करते हुये अहमदगंज टीम ने 13.4 ओवर में आल आउट होकर 66 रन बनाये। अहमदगंज के संजय ने 30, ओमप्रकाश ने दस रन बनाये।



खिलाडियों से परिचय लेते सपा जिलाध्यक्ष आदि।

रौनक इन्फोटेक कर्वी के संदीप ने पांच विकेट व विक्रम ने दो विकेट लिये। लक्ष्य पाने को रौनक इन्फोटेक कर्वी टीम ने सात विकेट रहते 10.1 ओवर में मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रौनक इन्फोटेक कर्वी के पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ी संदीप को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद राजेन्द्र त्रिवेदी व इमाम हसन ने दिया। मैच में शिवम निषाद, विश्वनाथ मिश्रा, ओमशंकर, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, हिमांशु त्रिवेदी, अंकुर त्रिवेदी, कल्लू वर्मा ने योगदान दिया।

# विभिन्न मामलों के डेढ़ दर्जन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने डेढ़ दर्जन वारंटी दबोचे हैं। रविवार को राजापुर थाने के दरोगा अनिल कुमार व दरोगा सुरेन्द्र कुमार ने वारंटी शिवबाबू पुत्र गया प्रसाद तिवारी निवासी राजापुर, धनराज पुत्र मातादीन निषाद निवासी बरगदी पुरवा, रामलखन उर्फ चुन्ना पुत्र रामखेलावन निवासी पटवरियासानी को गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में भरतकूप थाने के दरोगा पवन कुमार त्रिपाठी ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ वारंटी भारत पुत्र रामसुचित गौड निवासी पहरा रोड अकबरपुर, बनवारी यादव पुत्र श्रीपाल निवासी गोंडा को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा सुरेश कुमार सचान ने सिपाही मयंक तिवारी के साथ वारंटी रमेश कुमार पुत्र पुन्नू अकबरपुर को दबोचा है। बरगढ थाने के दरोगा अनिल कुमार मिश्रा ने सिपाही चन्दन विश्वकर्मा के साथ वारंटी गौरीशंकर पटेल पुत्र रामदत्त पटेल निवासी लपांव को गिरफ्तार किया। सीतापुर चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह ने महिला सिपाही पल्लवी के साथ वारंटी सुशील पत्नी रज्जन प्रजापति निवासी चितरागोकुलपुर को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय ने दीवन बृजबिहारी के साथ वारंटी शिवकण्ठ पुत्र मुलुवा पंडित निवासी ब्यूर को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने सिपाही रोहित यादव के साथ वारंटी ओमप्रकाश पुत्र स्व सूरजदीन निवासी गोकुलपुरी को गिरफ्तार किया। शिवरामपुर चैकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी ने दरोगा राधेश्याम सिंह व सिपाही नरेंद्र कुमार के साथ वारंटी कुशल सिंह पटेल उर्फ राजा पुत्र रामचंद्र को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा रामवीर सिंह ने सिपाही दीपक कुमार, सजीत कुमार के साथ वारंटी सुधीर पुत्र कालका प्रसाद, अशोक पुत्र अनसूया निवासी पटेल नगर, वारंटी छेदीलाल पुत्र रामखेलावन निवासी गांधीनगर, रवि सोनकर पुत्र कमलेश सोनकर निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा रविकान्त राय ने दीवान आशाराम के साथ वारंटी रामकृपाल पुत्र रामआसरे निवासी अतरौली बसिला, गुलाब पाल पुत्र कल्लू निवासी रोखरी मजरा इटवा को गिरफ्तार किया।

# व्लादिमीर पुतिन प्योंगयांग आना चाहते हैं : उत्तर कोरिया



**सोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया का दौरा करने की इच्छा जताई है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में ये बात कही गई। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के निमंत्रण पर सोमवार से बुधवार तक रूस की आधिकारिक यात्रा के दौरान रणनीतिक वार्ता की। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच गहरा रणनीतिक संचार है और कोरियाई प्रायद्वीप और पूर्वोत्तर एशिया की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर आम सहमति बनी है।इसमें कहा गया है कि उत्तर कोरिया और रूस ने दोनों देशों के मूल हितों की रक्षा करने और स्वतंत्रता और न्याय पर आधारित एक नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित करने के लिए रणनीतिक और सामरिक सहयोग को और मजबूत करने की दृढ़ इच्छा व्यक्त की।

इसमें कहा गया है कि पुतिन ने दक्षिण कोरिया के नेता किम जोंग उन को प्योंगयांग आने के निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और जल्द से जल्द देश का दौरा करने की इच्छा व्यक्त की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि पुतिन की उत्तर कोरिया यात्रा पर दोनों पक्षों के बीच "राजनयिक चैनलों के माध्यम से" चर्चा हो रही है।

# कुनार में सीमा पर पाकिस्तानी और तालिबान जवानों के बीच झड़प, 3 की मौत



**काबुल।** ईरान और पाकिस्तान के बीच जैसे को तैसा हमलों के कुछ दिनों बाद पाकिस्तान सीमा रक्षकों और अफगान के सत्तारूढ़ तालिबान के बीच शनिवार को डूरंड रेखा पर झड़प हो गई, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए।

टोलो न्यूज ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि पिछले साल छिटपुट झड़पों के बाद अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सीमा पर तालिबान और पाकिस्तानी कर्मियों के बीच झड़प की एक नई घटना सामने आई है।

झड़पों में कथित तौर पर कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी बलों ने कुनार प्रांत में तालिबान के ठिकानों पर गोलाबारी करने के लिए तोपखाने का इस्तेमाल किया, क्योंकि पाकिस्तानी बलों द्वारा सीमा का उल्लंघन करने के बाद झड़पें शुरू हो गईं।

# इजराइली सेना गाजा में हमास की दमघोंटू सुरंग में दाखिल,



**तेल अवीव।** गाजा में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के मध्य छिड़े युद्ध को तीन माह से ज्यादा का समय हो चुका है। इस युद्ध की वजह से दुनिया के प्रमुख राष्ट्र दो धड़ों में बंट चुके हैं। इस घमासान के बीच इजराइल की सेना हमास की एक महत्वपूर्ण सुरंग में दाखिल होने में कामयाब हो गई। यह वही सुरंग है, जहां हमास के आतंकवादियों ने पिछले साल सात अक्टूबर बंधक बनाए इजराइलियों में से कुछ को रखा था।

प्रमुख समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस सुरंग के कई फोटो 20 जनवरी को जारी किए । आईडीएफ ने कहा है कि सुरंग की लंबाई लगभग 830 मीटर (आधा मील) है। इसे जमीन से 20 मीटर (66 फीट) नीचे खोदा गया था। इसमें एक केन्द्रीय स्थान के साथ पांच वर्जित कक्ष भी थे। यहां बीस बंधकों को रखा गया है। सुरंग के प्रवेश द्वार पर कई बंदूकधारियों से मुकाबला करना पड़ा। लेकिन अब वहां कोई बंधक नहीं था। सुरंग का प्रवेश द्वार हमास आतंकवादी के घर के अंदर से था।

आईडीएफ ने कहा है कि इस सुरंग में बंधकों को "कठोर और अमानवीय परिस्थितियों में" रखा गया। सुरंग में मिली वस्तुओं में पांच वर्षीय एमिलिया अलोनी के चित्र भी शामिल हैं। इसे नवंबर में अस्थायी युद्धविराम के दौरान छोड़ दिया गया था। आईडीएफ के अनुसार 18 जनवरी को खान यूनिस में सक्रिय हमास के लगभग 40 आतंकवादियों को मार गिराया गया। सैनिकों ने एक आतंकवादी के आवास पर छापा मारकर दस ग्रेनेड, एके-47 राइफल, सैन्य उपकरण और नक्शे बरामद किए हैं।

आईडीएफ सैनिकों ने उत्तरी गाजा में दो सशस्त्र आतंकवादियों को मार गिराया। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा है कि सैनिकों ने सुरंग में प्रवेशकर वहां मौजूद आतंकवादियों को ढेर कर दिया। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार,आईडीएफ ने पहले के हमलों के जवाब में दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर हमला किया है। इस बीच इराक में अमेरिकी हवाई अड्डे पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और रॉकेट दागे गए हैं। इससे कई लोग घायल हुए हैं।

# विदेशों में हिंदी भाषा का प्रसार, अमेरिका के कैलिफोर्निया के दो सरकारी स्कूलों पढ़ाने का फैसला



वाशिंगटन। विदेश में हिंदी भाषा के प्रसार की ताजा कड़ी में अब अमेरिका के कैलिफोर्निया के दो सरकारी स्कूल में विश्व भाषा के रूप में पढ़ाने का फैसला लिया गया है।

भारतीय अमेरिकी समुदाय ने फ्रेमोंट में हुए इस फैसले का स्वागत किया है। यहां रहने वाले लोग अपने बच्चों को स्कूलों में हिंदी सिखाने की मांग कर रहे थे। कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में भारतीय अमेरिकियों की संख्या सबसे अधिक है। ऐसे में दो सरकारी स्कूलों में हिंदी को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया जा रहा है।फ्रेमोंट यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट (एफयूएसडी) बोर्ड ने हिंदी की पढ़ाई के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने का फैसला लिया है। इसके लिए 17 जनवरी को 4-1 वोट से मतदान किया गया। अगस्त में शुरू होने वाले 2024-25 सत्र में हार्नर मिडिल स्कूल और इरविंगटन हाई स्कूल के पाठ्यक्रम में हिंदी को शामिल किया जाएगा।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नेपाल के अधिकांश नगर पालिका ने दिया सार्वजनिक अवकाश

**काठमांडू,।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर नेपाल के अधिकांश स्थानीय सरकारों ने अपने-अपने नगर पालिका में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।कमे गके

सप्तरी जिले के राजविराज नगरपालिका की कार्यकारी मेयर इसरत जहां प्रवीण ने एक सूचना जारी करते हुए कल पूरे नगरपालिका में सार्वजनिक अवकाश देने की घोषणा की है। मेयर की तरफ से सभी सरकारी इमारतों सहित प्रमुख चौक चौराहों पर सोमवार को दीए जलाने का भी निर्देश दिया है। साथ ही सम्पूर्ण नगरवासी से कल शाम को दीपावली मनाने की अपील भी की है।

इसी तरह जनकपुरधाम उपमहानगरपालिका ने भी सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। जनकपुर स्थित जानकी मंदिर में सवा लाख दीप जलाने की तैयारी की जा रही है। जनकपुर के मेयर ने भी सभी नगरवासियों से शाम में दीपावली मनाने की अपील की है। उधर बीरगंज महानगरपालिका में भी कल सार्वजनिक अवकाश देने की घोषणा की गई है। राममंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। मेयर राजेशमान सिंह के निर्देशन में पूरे शहर की दीवालों पर रामायणकालीन चित्रों को अंकित कर सजाया गया है। इसके अलावा पूरे शहर में दीवाली मनाने की तैयारी है।

आज ही लुम्बिनी महानगरपालिका ने भी अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश देने का निर्णय किया गया है। नगरपालिका के तरफ से सार्वजनिक अवकाश देते हुए सभी दीया जलाने की अपील की गई है।

# डीजीसीए ने कहा- अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त छोटा विमान भारत का नहीं



**काबुल/नई दिल्ली।** तालिबान शासित अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त विमान भारत का नहीं है। यह मोरक्को में रजिस्टर्ड है। यह विमान थाइलैंड से मॉस्को जा रहा था। कुछ रिपोर्ट्स में पहले इस विमान को भारतीय बताया गया था। इसके बाद भारत के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि यह डीएफ-10 मॉडल का छोटा विमान है। मॉस्को जाते समय इस विमान में भारत के गया एयरपोर्ट पर ईंधन भरा गया, लेकिन यह भारतीय विमान नहीं है।

अफगानिस्तान के टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक यह विमान तकनीकी खराबी की वजह से रास्ता भटक गया और अफगानिस्तान के बदख्शां खां प्रॉविंस के जेबाग जिले के पहाड़ी इलाके में क्रैश हो गया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इसके भारतीय विमान होने की जानकारी दी गई। इस बारे में तालिबान के ट्रांसपोर्ट और एविएशन मिनिस्टर इमामुद्दीन अहमदी ने कहा कि यह हुआ विमान रूस का स्पेशल जेट था। थाइलैंड से मॉस्को जाते समय विमान रास्ता भटकने की वजह से अफगानिस्तान पहुंच गया।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पुष्टि की है कि यह भारतीय विमान नहीं है। अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त न तो भारतीय अनुसूचित विमान है और न ही गैर-अनुसूचित (एनएसओपी)/चार्टर विमान है। यह मोरक्को में पंजीकृत डीएफ-10 (डसॉल्ट फाल्कन) छोटा विमान है। इसकी क्षमता छह यात्रियों और क्रू मेंबर्स को ले जाने की है। इसे चार्टर्ड फ्लाइट या एयर एंबुलेंस के तौर पर ऑपरेट किया जाता है। हालांकि, इसकी रेंज बहुत ज्यादा नहीं होती है। यह एक बार ईंधन भरने के बाद बहुत लंबी दूरी तय नहीं कर सकता है। इसी वजह से थाइलैंड से मॉस्को जाते समय इस विमान में भारत के गया एयरपोर्ट पर ईंधन भरा गया, लेकिन यह भारतीय विमान नहीं है।

बदख्शां के सूचना और संस्कृति विभाग के प्रमुख जबीहुल्लाह अमीरी ने कहा कि जांच के लिए एक टीम को इलाके में भेजा गया है। फिलहाल हादसे में हताहतों की संख्या की जानकारी नहीं मिल पाई है। इस बीच रूस के विमानन अधिकारियों ने कहा है कि यह विमान शनिवार देर शाम रडार से गायब हो गया था। इसमें छह लोग सवार थे। यह विमान फ्रांस में बना दसॉ का फैल्कन 10 जेट था। यह चार्टर प्लेन भारत से उज्बेकिस्तान के रास्ते मॉस्को आ रहा था।

# फिलीपींस में बाढ़, भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 15 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के दावाओ क्षेत्र में भूस्खलन और भीषण बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या रविवार को आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 15 हो गई। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने कहा कि 15 मौतों में से 13 दावाओ डी ओरो प्रांत में और दो दावाओ शहर में हुईं। इसमें कहा गया है कि कम से कम पांच लोग घायल हो गए। मिंडानाओ द्वीप पर दावाओ क्षेत्र के पांच प्रांतों में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से 349,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि सोमवार से गुरुवार तक भारी बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ गई और कई जगह भूस्खलन हुए।

# दमिश्क पर इजरायली हमले में चार ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड अधिकारी मारे गए

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।



**दमिश्क/तेहरान।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इलाके में इजरायली मिसाइल हमले में ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के चार अधिकारी और अज्ञात संख्या में नागरिक मारे गए हैं।

एक ईरानी मीडिया सूत्र ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि एक दो मंजिला इमारत, जिसकी दूसरी मंजिल पर आईआरजीसी से जुड़ी एक इकाई का कब्जा था, पर कम से कम चार मिसाइलों से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि जान गंवाने वाले चार आईआरजीसी सदस्यों के अलावा, कथित तौर पर उसी इमारत में नागरिक भी हताहत हुए हैं। मलबे के नीचे शवों को खोजने के लिए बचाव अभियान जारी है। एक स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी ने शिन्हुआ को बताया कि एक फिलिस्तीनी परिवार इमारत के भूतल पर रह रहा था। ऐसा माना जा रहा है कि वे सभी अब मलबे के नीचे दबे हुए हैं, क्योंकि हमले के बाद उनमें से किसी को भी नहीं देखा गया है।

# इजरायल के मिसाइल हमले में दमिश्क में चार की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति की दौड़ में शामिल निक्की हेली ने कहा है कि "अमेरिका नस्लवादी नहीं है"। मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रम्प दोनों "लोकतंत्र के लिए दोहरा खतरा" हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, न्यू हैम्पशायर के हेनिकर में न्यू इंग्लैंड कॉलेज में उन्होंने कहा, "मैं मजबूत बनना चाहती हूँ। हमें नहीं पता कि जब आंकड़े आएंगे तब ये कैसा दिखेगा।"

हेली का लक्ष्य आयोवा से बेहतर प्रदर्शन करना है - जहां वह सोमवार को राज्य के कॉकस में ट्रम्प से 32 अंक पीछे और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस से 2 अंक पीछे तीसरे स्थान पर रहीं। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि वह न्यू हैम्पशायर में ट्रम्प के बहुत करीब हैं।

उन्होंने इस सप्ताह की शुरूआत में फॉक्स को दिए एक साक्षात्कार में कहा, "अमेरिका कभी भी नस्लवादी देश नहीं रहा है।" उनसे पूछा गया कि क्या वह मानती हैं कि रिपब्लिकन पार्टी नस्लवादी है। उन्होंने कहा कि वह दक्षिण कैरोलाइना के एक ग्रामीण काउंटी में पली-बढ़ी जहां नस्लवादी प्रवृत्तियों का अनुभव किया है। लेकिन उनके माता-पिता ने उनमें यह विश्वास पैदा किया कि अमेरिका एक नस्लवादी देश नहीं है।

"अगर मेरे माता-पिता ने ऐसा नहीं किया होता, तो हर काले या भूरे बच्चे को अमेरिका में मौका नहीं मिलता।"

हेली ने कहा कि वो यहाँ तक नहीं पहुँचती अगर अमेरिका की स्थापना समानता के सिद्धांत पर नहीं की गई होती, जिसका मतलब है कि सभी लोगों को समान बनाया गया है।

हेली ने कहा, "हमारे यहां काफी नस्लवाद था जिससे हमें निपटना पड़ा, लेकिन मेरे माता-पिता ने कभी नहीं कहा कि हम नस्लवादी देश में रहते हैं और मैं बहुत आभारी हूं कि उन्होंने ऐसा नहीं किया।" हेली देश की पहली महिला अल्पसंख्यक गवर्नर बनी और बाद में संयुक्त राष्ट्र में ट्रम्प की अमेरिकी राजदूत बनी।